वर्ष- 21 अंक - 350 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 5 जून 2026

इंदौर में 24 घंटे में दूसरी हत्या!

समाचार पेज 12 पर

# अब इंदौर में आग, बाल-बाल बचे 20 लोग

## सीढ़ियां लगाकर बचाई रहवासियों की जान

### नोएडा से राजस्थान तक आग का तांडव

शुक्रवार ● एजेंसी

दिल्ली के होटल में आग लगने से 22 लोगों की मौत हुई थी, उसके बाद बिहार में अस्पताल में आग से 6 लोगों की मौत हुई। आज सुबह भी इंदौर, नोएडा, राजस्थान में आग ने तांडव मचाया। इंदौर में स्कीम 136 स्थित एक अपार्टमेंट में इलेक्ट्रिक वाहन शोरूम में आज सुबह आग लगने से ऊपर की दो मंजिलों पर रहने वाले 6 परिवार के 20 लोग फंस गए जिन्हें सीढ़ियां लगाकर नीचे उतारा और सुरक्षित बचाया गया। उधर नोएडा की इमारत में एक फ्लैट में आग लगने से पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। पूरा फ्लैट जलकर राख हो गया। यहां कोई हताहत नहीं हुआ। नोएडा में ही एक पीजी भवन में भी आग लग गई। उधर राजस्थान के भिवाड़ी में दो फैक्ट्रियों में आग लगने से 5 लोग झुलस गए। बिहार में छपरा के कोल्ड स्टोरेज में गैस लीक होने से हड़कंप मच गया। दिल्ली के होटल में लगी आग से मारे गए गुरुग्राम के अग्रवाल परिवार के 5 लोगों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया।





## इंदौर से मुंबई जा रही बस पर पथराव

शुक्रवार.एजेंसी। देर रात जुलवानिया थाना क्षेत्र में इंदौर से मुंबई जा रही कौशल ट्रेवल्स की यात्री बस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया। एबी रोड पर हुई इस घटना में बस का अगला कांच टूट गया, जिससे 5 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

## महाकाल की शरण में पहुंचे कैलाश खेर

उज्जैन.एजेंसी। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार तड़के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर का आशीर्वाद लिया।

## कर्नाटक में नया नाटक
### शपथ लेते ही मंत्री ने दिया इस्तीफा

बेंगलुरु.एजेंसी। कर्नाटक में नई सरकार के गठन और विभागों के बंटवारे के तुरंत बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रेड्डी ने नए मुख्यमंत्री शिवकुमार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिवकुमार ने बेंगलुरु विकास मंत्रालय देने की बात कही थी, लेकिन उन्हें यह विभाग न देकर जल संसाधन विभाग दे दिया गया।

## इंदौर में तड़के गिरा तड़ातड़ पानी
### आधे घंटे में आधा इंच से ज्यादा हुई बारिश



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर में मानसून की दस्तक से पहले आज तड़के गरज-चमक के साथ तड़ातड़ पानी गिरा जिससे पूरा शहर तरबतर हो गया। सड़कों पर पानी बह निकला। करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। इस दौरान 15 मिमी बारिश हुई। इस बारिश के कारण सुबह-सुबह इंदौर से गर्मी गायब हो गई और मौसम ठंडा हो गया। इसी तरह झाबुआ सहित प्रदेश के कई इलाकों में और उत्तरप्रदेश, राजस्थान में भी झमाझम बारिश हुई। राजस्थान में ओले भी गिरे।

## भारत या मोदी पर प्रेशर बनाना बेकार
### पुतिन के बयान से लाइन पर आ गए ट्रंप

शुक्रवार.एजेंसी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसी भी तरह का बाहरी दबाव काम नहीं करेगा और भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर चलता है। पुतिन के इस बयान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें अपना अच्छा दोस्त बताया और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता हो सकता है।

## रेपो रेट में नहीं हुआ बदलाव
### ईएमआई और लोन का ब्याज स्थिर

नई दिल्ली ● एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी समिति की बैठक में हुए फैसले का ऐलान हो चुका है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ऐलान करते हुए कहा कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेपो रेट 5.25 प्रश पर अपरिवर्तित रखा गया है। इसका मतलब है कि आपके लोन की ईएमआई में बढ़ोतरी नहीं होगी। आपके लोन का ब्याज स्थिर रहेगा।

## 54 के हुए योगी

लखनऊ.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज जन्मदिन है। वे 54 साल के हो गए। बनारस में उनके समर्थकों ने 54 किलो का केक काटा। मायावती ने भी योगी को बधाई दी है।

## जहां कांग्रेस होगी वहां द्रमुक नहीं जाएगी

चेन्नई.एजेंसी। तमिलनाडु की पार्टी डीएमके ने 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया ब्लॉक की बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। डीएमके ने कहा है कि वो ऐसी किसी बैठक में शामिल नहीं होगी जिसमें कांग्रेस भी मौजूद हो। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने डीएमके का साथ छोड़कर टीवीके से हाथ मिला लिया। इसके बाद से ही दोनों दलों में कड़वाहट बनी हुई है।

## विदेश पहुंचकर याद आई भारत की सुविधाएं

शुक्रवार.एजेंसी। पुर्तगाल में रहने वाली भारतीय महिला श्रुति शिवम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्होंने भारत की 7 ऐसी सुविधाओं का जिक्र किया है, जिनकी अहमियत उन्हें विदेश जाने के बाद समझ आई। उन्होंने भारत में घर बैठे सामान की डिलीवरी, समय में काम हो जाना, तेज डिलीवरी सिस्टम, हेल्थ फैसिलिटी, सस्ता और सुविधाजनक परिवहन, आसानी से मिल जाते हैं कारीगर, आसानी से चीजें मरम्मत होने की सुविधा का जिक्र किया।

# युवा कांग्रेसी बिजली संकट पर कल दिखाएंगे जन आक्रोश

## बिजली कम्पनी पर होगी नारेबाजी, 3 दिन में सुधार न होने पर चक्काजाम की चेतावनी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

युवक कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी सरफराज अंसारी ने बताया कि शहर के साथ धार रोड की कई कालोनियों में इन दिनों जमकर बिजली संकट है। बांक पंचायत से लेकर सिरपुर और बांक क्षेत्र की कई कालोनियों के रहवासी बिजली संकट को लेकर आक्रोशित है। अंसारी ने बताया कि कल युवक कांग्रेस के बैनरतले बिजली कम्पनी पर कांग्रेसी पहुंचेंगे और वहां नारेबाजी कर ज्ञापन भी सौंपेंगे। ज्ञापन में यह बताया जाएगा कि अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की मार और बार-बार केबल जलने की घटनाओं से रहवासी आक्रोशित है। कल युवक कांग्रेस के साथ रहवासी भी लामबंद होंगे और वह भी विद्युत मंडल मुख्यालय पोलोग्राउण्ड पहुंचेंगे। सीधा-सीधा कांग्रेस नेता ने सिरपुर बिजली झोन पर ऊंगलियां उठाई और कहा कि वहां अधिकारियों ने व्यवस्था को लचर कर रखा है। इन सभी मुद्दों पर अगर ज्ञापन के बाद भी समस्या हल नहीं हुई तो तीन दिन बाद धार रोड पर चक्काजाम की चेतावनी भी दी गई है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, स्कीम 71, ग्रीन पार्क कॉलोनी, सलीम इस्टेट चंदन नगर, अम्बार नगर और नूरानी नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में बिजली की व्यवस्था पिछले कुछ समय से पूरी तरह से चरमरा गई है। भयंकर गर्मी और उमस के बीच दिन और रात में किसी भी समय कई-कई घंटों के लिए अघोषित रूप से बत्ती गुल कर दी जाती है। बार-बार होने वाली इस कटौती का कोई निश्चित समय भी तय नहीं है, जिससे आम जनता, विशेषकर छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार लोग बेहद परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा, जिस समय बिजली रहती भी है, उस दौरान लो-वोल्टेज की ऐसी गंभीर समस्या सामने आ रही है जिससे घरों के पंखे, कूलर और पानी भरने की मोटरें तक नहीं चल पा रही हैं। अंसारी ने यहां तक कहा कि लम्बे समय से मांग के बावजूद खराब केबलों को बदला नहीं जा रहा है, कई जगह डीपी के ढक्कन गायब है इससे भी रहवासी असुरक्षित है।

# जल संरक्षण वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इस बार शहर में पानी की कमी को देखते हुए आगे वर्षा की एक एक बूंद के संग्रहण पर चिंता है, इसीलिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है और कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षीतिज सिंघल की मौजूदगी में जलसभा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ करने के बाद जानकारी भी दी गई और प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जो वार्ड चयनित किए गए हैं उनमें रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। महापौर ने कहा जल संरक्षण को लेकर वॉटर पॉलिसी का निर्माण करेंगे। इसके लिए रहवासियों के साथ मिलकर हम जल की चुनौती का सामना करेंगे। उजमा खान द्वारा जल संरक्षण के तहत तैयार जल संरक्षण ट्रेनिंग तथा भूजल स्तर को बढ़ाने पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया गया। अब 30 दिनों में 30 रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण किया जाएगा। आयुक्त ने कहा इंदौर शहर जन संवाद के लिए जाना जाता है -जन भागीदारी से काम करने के अच्छे परिणाम मिलते हैं। रहवासी सहयोग करेंगे तो रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा मिलेगा। रविंद्र नाट्यगृह में जलसभा में एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, राजेश उदावत, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ला, कमल वाघेला, अधिकारी आशीष पाठक, अश्विन जनवदे, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, उजमा खान, आकाश जैन के अलावा जल विशेषज्ञ समरेंद्र पांडे भी मौजूद रहे।




# निकाय और पंचायत मतदाता सूची में 8317 आवेदकों ने किया ऑनलाइन आवेदन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अगले वर्ष निकाय चुनाव होंगे जिसमें नगर निगम, नगर पालिका, परिषद पंचायत के चुनाव के पूर्व राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के लिए त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को नाम जोड़ने, कटवाने और नाम संशोधन के लिये ऑनलाइन सुविधा दी ग़ई। इस सुविधा का लाभ लेते हुए कुल 8317 आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया। इनमें से नगरीय निकायों में 1496 और पंचायतों में 6848 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। नगरीय निकायों में 675 ऑनलाइन आवेदन नाम जोड़ने, 770 नाम कटवाने और 24 आवेदन नाम में संशोधन के लिये प्राप्त हुए हैं। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायतों में 1701 आवेदन नाम जुड़वाने, 4960 नाम कटवाने और 187 आवेदन नाम में संशोधन के लिये प्राप्त हुए हैं। इन सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा नेता ने दी राज्यसभा उम्मीदवारों को बधाई



**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** भारतीय जनता पार्टी ने कल प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों में से दो राज्यसभा के लिए अपने दो उम्मीदवारों की घोषणा की। रजनीश अग्रवाल और तरुण चुघ के उम्मीदवार बनने के बाद इंदौर से जुड़े भाजपा नेता रजत गर्ग ने बधाई दी है और कहा कि दोनों ही उम्मीदवार अनुभवी और संगठन के प्रति समर्पण वाले हैं, इससे भाजपा संगठन को लाभ मिलेगा।

# दिग्विजयसिंह के लिए जताई आस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव नासिर खान ने बयान जारी कर कहा कि दिग्विजयसिंह ने बहुत लंबे समय तक प्रदेश कांग्रेस से लेकर शहर और जिलों में संगठन और छोटे छोटे कार्यकर्ताओं तक के लिए ध्यान रखकर कार्य किया। कांग्रेस संगठन को उन्होंने परिश्रम, संघर्ष और समर्पण के साथ सींचा। गांव-गांव, शहर-शहर कार्यकर्ताओं के बीच रहकर उन्होंने जो विश्वास अर्जित किया है, वह किसी पद या सम्मान का मोहताज नहीं है। राज्यसभा में उनका न होना निश्चित रूप से लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए भावनात्मक विषय है। कार्यकर्ताओं की पीड़ा, उनकी अपेक्षाओं और उनकी भावनाओं को समझने वाला ऐसा जननेता विरले ही मिलता है। राजा साहब ने हमेशा सिखाया है कि व्यक्ति से बड़ा संगठन और संगठन से बड़ा देश होता है। यही कारण है कि आज भी वे करोड़ों लोगों के दिलों में सम्मान, विश्वास और संघर्ष के प्रतीक बने हुए हैं। पद आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता और कार्यकर्ताओं के दिलों में जो स्थान बन जाता है, वह हमेशा कायम रहता है।




# महू में लाइन फूटी तो कांग्रेस ने रामकी को ठहराया दोषी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**जलसंकट से परेशान शहर में कल उस वक्त परेशानी बढ़ गई जब महू के ड्रीमलैंड चौराहा पर नर्मदा की ट्रंक लाइन फूट गई। हालांकि देर रात इसकी मरम्मत कर फिर चालू कर दिया गया, लेकिन इसके कारण आज शहर में कई क्षेत्रों में जल वितरण प्रभावित हुआ। कांग्रेस ने इसके लिए रामकी को दोषी ठहराया है।**

निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के करीबी एवं पार्षद राजू भदौरिया कल महू पहुंचे, जहां फूटी हुई लाइन को लेकर आस पास के रहवासियों से भी चर्चा की। भदौरिया ने बताया कि इसमें सम्पूर्ण दोष रामकी कंपनी का है। क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार यहाँ पर एक छोटा सा लीकेज दो महीने से था, कुछ दिन बाद यह लीकेज बड़े रूप में हो गया और पानी नाली में बहने लगा। उन्होंने कहा कि लाइन फूटने की जानकारी होने के बावजूद रामकी इसे नजर अंदाज करती रही। जिसके कारण कल सुबह पानी विस्फोट रूप धारण कर फूटी हुई लाइन से करीब 70 फीट ऊपर तक फव्वारे की तरह आया। आसपास के दुकानदारो की दुकान में पानी भर गया, उनका आर्थिक नुक़सान भी हुआ है। भदौरिया ने सवाल किया कि नुकसान झेलने वाले लोगों का भुगतान कौन करेगा? रामकी कंपनी को इस लापरवाही की क्या सजा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि महू में रामकी ने क्षेत्र की प्रमुख नर्मदा जल प्रदाय योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने, संचालन और रख-रखाव का काम किया था।



# क़म्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन के लिए एकत्रिकरण शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का जन संघर्ष अभियान के अन्तर्गत आज दोपहर 12.30 बजे से कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन स्टार चौराहा तेजाजी चौक राऊ पर पहले एकत्रीकरण कर रहे है और फिर सभी के आने के बाद जुलूस निकालकर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शनकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम मांगो एवं शिकायतों का ज्ञापन एसडीएम राऊ को प्रस्तुत करेंगे।



## नुक्कड सभा और पर्चा वितरण

आज के आयोजन को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी और सदस्यों ने कल शाम तक कई नुक्कड सभाएं की। इस आज के आयोजन को लेकर पर्चा वितरण भी किए गए। नुक्कड सभा और पर्चा वितरण में अरुण चौहान, काशीराम नायक, सोहेल खान, ममता बाई, हेमा बाई, सपना बाई, मनोहर डाबर, बहादुर सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# कमलनाथ और दिग्विजयसिंह समर्थक हुए निराश

## मीनाक्षी नटराजन को मिला कांग्रेस की ओर से राज्यसभा में जाने का मौका

### भाजपा ने पहले कर दी थी दो सीटों की घोषणा, तीनों सीटों पर निर्विरोध चुनाव की उम्मीद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि






प्रदेश की राज्यसभा के लिए तीन सीटों के नामांकन की प्रक्रिया की जाना है। विधानसभा में विधायकों की गिनती के मुताबिक 3 में से 2 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का राज्यसभा में जाना तय माना जा रहा है। राजनीतिक सूत्र पूर्व में यह भी अनुमान लगा रहे थे कि भाजपा तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारकर एक सीट के लिए तोड़फोड़ कर सकती है, लेकिन कल भाजपा ने अपने दो उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल और तरूण चुघ की घोषणा की। पहले भाजपा की ओर से दो नामों की घोषणा हुई और उसके बाद कांग्रेसी कयास लगा रहे थे कि कमलनाथ और मीनाक्षी नटराजन में से किसी एक नाम की घोषणा होगी। आखिरकार रात को कांग्रेस ने अपने राज्यसभा उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें मध्यप्रदेश से मीनाक्षी नटराजन का नाम तय किया गया। इस घोषणा के पहले ही कांग्रेस आलाकमान ने मीनाक्षी नटराजन को मैसेज देकर दिल्ली तलब किया था और नटराजन तत्काल दिल्ली पहुंच गई। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता कमलनाथ और दिग्विजयसिंह के समर्थक निराश हैं कि अब उनके नेता के पास न संगठन के पद हैं और न ही वे सांसद हैं और संगठन में भी दिल्ली स्तर तक कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं है। दोनों ही नेता कमलनाथ और दिग्विजयसिंह के बहुत बड़ी संख्या में समर्थक प्रदेश के सभी जिलों और शहरों में हैं। अभी किसी ने भी किसी प्रकार का विरोध दर्ज नहीं कराया है लेकिन दोनों के समर्थकों ने अपने अपने नेताओं के तारीफ के पुल बांधे हैं कि नाथ और दिग्गी ने संगठन में अच्छे कार्य किए हैं और कांग्रेस को मजबूत किया हैं। दोनों ही नेता अब वरिष्ठ होकर उम्रदराज हो चुके हैं। नासिर खान, सुवेग राठी ने भी दिग्विजयसिंह के कांग्रेस संगठन में सहयोग की तारीफ की। इधर मीनाक्षी नटराजन के समर्थक खुश हैं। इंदौर से भी अमन बजाज ने खुशी का इजहार किया और नटराजन को बधाई दी। इधर, भाजपा में भी एक बाहर के नेता का नाम दिया जबकि प्रदेश से कई दिग्गज भाजपा की ओर से राज्यसभा के दावेदार थे। वैसे भाजपा हमेशा हटकर नाम देने में माहिर है और संगठन में किसी तरह का विरोध नहीं होता है। कुल मिलाकर भाजपा ने उम्मीद से हटकर राज्यसभा के लिए चयन किया। कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा, सुरेश पचौरी, जैसे नेता तो उम्मीद लगाकर ही बैठे लेकिन इन बडे नेताओ को निराशा हाथ लगी। भाजपा ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि कांग्रेस से आए नेताओं को जरुरत नहीं होने पर महत्वपूर्ण जवाबदारियों से दूर रखा जाए और उसी का उदाहरण सुरेश पचौरी के रुप में देखने को मिला। हालांकि कांग्रेस ने पचौरी को चार बार राज्यसभा भेजा, केन्द्रीय मंत्री बनाया, और यहां तक कि प्रदेश कांग्रेस का मुखिया भी पचौरी रह चुके है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पचौरी और उनके समर्थक भाजपा में चले गए थे। पहले अफवाहे उडी थी कि पचौरी को राज्यपाल बनाया जा रहा है और अब राज्यसभा में उम्मीदवार की सोशल मीडिया पर बात चली लेकिन सभी खाली हाथ रहे और पचौरी को भी निराश होना पडा। प्रदेश के भाजपा के कई दिग्गज अपना नाम नहीं होने से निराश हैं लेकिन संगठन के निर्णय के आगे वे चुप हैं। ऐसी ही चुप्पी कमलनाथ और दिग्विजयसिंह समर्थकों की कांग्रेस में है। कुल मिलाकर भाजपा ने दो और कांग्रेस ने एक नाम घोषित किया है और प्रदेश से तीन ही सीट राज्यसभा की है इसलिए तीनों ही नाम के नामांकन दाखिल होंगे और चुनाव निर्विरोध होने की पूरी संभावना है। अभी नामांकन की प्रक्रिया बाकी है।

# भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन व्यापार एवं निवेश फोरम क्रा आयोजन कल

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे मुख्य अतिथि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन व्यापार एवं निवेश फोरम की मेजबानी म.प्र. करेगा। यह आयोजन कल 6 जून को इन्दौर के रेडिसन ब्ल्यू में होगा। इस आयोजन में फोरम मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत, ग्लोबल इंडिया बिज़नेस फोरम द्वारा मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। इस फोरम में लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन के पंद्रह देशों के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि, जिनमें राजदूत, एक उच्चायुक्त एवं एक महावाणिज्य दूत शामिल होकर सहभागी होंगे। इनके साथ निवेशक, निर्यातक, उद्योग जगत के प्रमुख, व्यापार आयुक्त, एमएसएमई प्रतिनिधि और वरिष्ठ शासकीय अधिकारी सहित 350 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। चार वाणिज्य एवं उद्योग मंडल भी इसमें भाग लेंगे। यह फोरम भारत एवं लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन क्षेत्र के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को सुदृढ़ करने तथा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश से लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन क्षेत्र को लगभग 4,186 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.6 प्रतिशत अधिक है। इसमें आधे से अधिक हिस्सा फार्मास्यूटिकल्स (औषधि) क्षेत्र का है। ब्राज़ील, मैक्सिको और चिली इस क्षेत्र में राज्य के प्रमुख बाजारों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे। सम्मान का आयोजन भी होगा, उदबोधन भी मुख्यमंत्री देंगे। एमपीआईडीसी द्वारा एक विशेष प्रस्तुति में मध्यप्रदेश को एक उभरते निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात् आगंतुक प्रतिनिधिमंडलों द्वारा देश-वार निवेश प्रस्तुतियाँ एवं तीन पैनल चर्चाएँ होंगी। आगंतुक प्रतिनिधिमंडलों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं उद्योग प्रमुखों के सम्मान में एक राजनयिक रात्रिभोज का आयोजन किया जाएगा।

# युवा मोर्चा नगर और जिला के लिए मांगी नाम की पैनल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

युवा मोर्चा के नगर और जिला अध्यक्ष पद पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने नामों की पैनल दोनों ही अध्यक्षों से मांगी है। शहर में करीब 6 दावेदार है जो कोशिश कर रहे है कि नगर से पैनल में उनका नाम जुड जाए जिससे वे भोपाल में अपने अध्यक्ष पद का खेल जमा ले। वहीं जिले में करीब 12 नाम युवा मोर्चा अध्यक्ष की दावेदारी के है जिसमें जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह चावडा को तीन नाम की पैनल बनाना आसान नहीं होगा। कई दावेदार सामाजिक दायरा भी बना रहे है और वर्तमान से लेकर पूर्व अध्यक्ष बने उनके समाजों का हवाला भी दिया जा रहा है। ऐसा ही नगर में भी हो रहा है। पिता के कांग्रेस में राजनीति करने के बाद एक युवा भी युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष की दौड में हैं। भाजपा के कई बडे नेता भी नगर और जिले में अपने समर्थक को अध्यक्ष बनवाना चाहते है। भाजपा के जनप्रतिनिधि भी अपने समर्थक की जुगत में है। कुछ पदाधिकारी ऐसे है जो युवा मोर्चा में काम कर रहे है वे भी अपनी दावेदारी जता रहे है। शहर और जिले से पैनल जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर को भी अपनी पसंद का ध्यान रखना होगा और फिर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से स्वीकृति लेना होगी। उल्लेखनीय है कि दावेदारों को श्याम टेलर के सामने जमकर शक्ति परीक्षण का मौका नहीं मिला है, फिर भी अपने काम और पूर्व में कुछ नेताओं ने भाजपा और विद्यार्थी परिषद में किए गए काम का हवाला भी दिया जा रहा है तो कुछ कालेज में बने पदाधिकारी का वास्ता भी अध्यक्ष बनने के लिए दे रहे है।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विश्व पर्यावरण दिवस और भाजपा के पौधारोपण आयोजन में पोधे रोपे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्वास्थ्य भी पूछ लिया और पौधारोपण भी कर दिया

**वैश्य समाज के आयोजन में भी खंडेलवाल पहुंचे, नगर और जिला भाजपा का आज से आयोजन शुरु**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल लम्बे अंतराल के बाद आज इन्दौर आए है। आज सुबह उन्होने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के निवास पर पहुंचे तो उनकी आगवानी सुमित मिश्रा दम्पत्ति ने श्रीफल भेंट कर की। खंडेलवाल ने स्वास्थ्य की जानकारी सुमित मिश्रा और परिजनो से ली। बाहर से इलाज करवाकर लौटे तो चिकित्सकों ने 15 दिनों का स्वास्थ्य लाभ लेने के कहा गया था। आज बीमारी के बाद पहली बार भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा चितावद क्षेत्र में भाजपा के आज से शुरू हुए अभियान के लिए निकले और वहां पौधारोपण का आयोजन किया गया। आज से नगर के अलावा जिला भाजपा का भी अभियान शुरू हुआ जो 17 दिनों 21 जून तक जारी रहेगा। आज भाजपाई मंडल स्तर पर पौधारोपण का आयोजन कर रहे हैं।





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज होटल ग्रीन में भी धीरज खंडेलवाल के वैश्य समाज द्वारा रखे गए सम्मान आयोजन में मौजूद है। वहीं जिला भाजपा कार्यालय के दोपहर डेढ़ बजे पूजन आयोजन में भी प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे।

# आधा इंच बारिश में ही शहर की हालत बिगड़ी

## सड़क पर जगह-जगह हो गया जल भराव, होर्डिंग के बैनर फटकर उड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि







आज सुबह जल्दी हुई आधा इंच बारिश से शहर की हालत बिगड़ गई। सड़क पर जगह-जगह जल जमाव हो गया। इस बारिश के साथ चली हवा से शहर में लगे होर्डिंग और बैनर फटकर उड़ने लगे।

आज सुबह करीब 5:00 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान पर बदली छा गई। देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। प्री मानसून एक्टिविटी के तहत अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई। लोग जब गहरी नींद में सो रहे थे उस समय पर तेज बारिश शुरू हो गई। कई लोगों की नींद तो इस बारिश के कारण खुल गई। पानी इतना तेज आया था कि ऐसा लग रहा था कि जैसे बारिश के मौसम की ही बारिश आई हो।

करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई इसके बाद से आसमान पर बदली बनी हुई है। सुबह 7:00 बजे के करीब भी तेज बड़े-बड़े छींटें गिर रहे थे। इसके बाद में फिर मौसम ने पलटी खाई और हल्की धूप की चिलकी निकल कर आ गई थी। थोड़ी देर तक यह धूप रही और वापस मौसम बदल गया फिर से तेज बारिश शुरू हो गई। इस बार यह बारिश कुछ मिनट ही रही और चली गई।

मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह के समय पर इंदौर में 15.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जो कि आधा इंच से ज्यादा होती है। इस मामूली बारिश में ही इंदौर शहर में इंदौर नगर निगम के द्वारा की गई तैयारी की कलाई खुलकर सामने आ गई। निगम के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के मौसम में बनने वाले हालात से निपटने के लिए तैयारी की जा रही है। आज सुबह की इस मामूली बारिश में ही शहर की सड़कों पर पानी का जमाव हो गया। सुबह के समय पर जिन लोगों का आवश्यक कार्य से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना था उन लोगों को सड़क पर से आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

आज सुबह की बारिश के साथ चली तेज हवा में शहर में अलग-अलग स्थान पर लगे होर्डिंग और बैनर के पोस्टर फट गए। यह फटे हुए पोस्ट इधर से उधर उड़ते हुए नजर आ रहे थे। नगर निगम की स्वच्छता की टीम अपने निर्धारित समय के अनुसार काम करने के लिए सड़क पर निकल गई थी। इस टीम के द्वारा नित्य के अनुसार साफ सफाई करने का कार्य किया गया।

# बस किराया 2.5 रु. प्रति किलो मीटर बढ़ाने की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**पेट्रोल डीजल की कीमत में लगातार हो रही वृद्धि के चलते हुए अब बस ऑपरेटरों के द्वारा बस का किराया 2.5 रुपए प्रति किलोमीटर बढ़ाने का दबाव बनाया गया है। इन ऑपरेटरों ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि 7 दिन में किराया बढ़ाने के बारे में फैसला लें अन्यथा बसों की हड़ताल की जाएगी।**

**बस ऑपरेटर ने दबाव बढ़ाया 7 दिन में किराया बढ़ाओ वरना हड़ताल**

ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच शुरू हुआ युद्ध तो अब ठंड पड़ गया है लेकिन इस युद्ध के कारण पूरे विश्व में ईंधन का संकट पैदा हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए भारत सरकार के द्वारा भी पेट्रोल डीजल की कीमत में लगातार वृद्धि करने का काम किया जा रहा है। ईंधन की कीमत में वृद्धि का असर अब बाकी के सारे सेक्टर में भी नजर आना शुरू हो गया है। किराने के समान में हर वस्तु के भाव में वृद्धि होना शुरू हो गई है।

इसी बीच अब बस ऑपरेटरों के द्वारा भी बस के किराए को बढ़ाने के लिए आवाज उठाई जाने लगी है। मध्य प्रदेश के बस ऑपरेटर की ओर से राज्य सरकार के परिवहन विभाग के समक्ष एक प्रेजेंटेशन देते हुए प्रदेश में बस का किराया 2.5 रुपए प्रति किलोमीटर बढ़ाने की मांग रखी गई है। इन ऑपरेटरों का कहना है कि जिस तरह से पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं उस तरह से इन बढ़े हुए दाम में वर्तमान किराए में बस को चला पाना संभव नहीं है। ऑपरेटर के द्वारा राज्य सरकार को 7 दिन की मोहलत दी गई है। सरकार से कहा गया है कि या तो वह इस अवधि में बस का किराया बढ़ाने के बारे में फैसला ले अन्यथा प्रदेश में बसों की हड़ताल कर दी जाएगी।

### 5 साल से नहीं बढ़ा किराया

बस ऑपरेटरों का कहना है कि पिछले 5 साल से प्रदेश में बसों की किराए में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसके पहले अंतिम बार वर्ष 2021 में बस का किराया बढ़ाया गया था। उस समय पर बस ऑपरेटरों के द्वारा 1.65 प्रति किलोमीटर किराया बढ़ाने की मांग की जा रही थी इस मांग के जवाब में सरकार के द्वारा 1.25 रुपए प्रति किलोमीटर का किराया बढ़ाया गया था।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर निगम ने नहीं रखा पौधारोपण का कार्यक्रम

## पिछले साल सभी 85 वार्ड में चला था पौधारोपण का अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज इंदौर नगर निगम पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित करना भी भूल गया। पिछले साल आज के दिन शहर के सभी 85 वार्ड में नगर निगम के द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।**

इस समय नगर निगम में कुछ भी सामान्य रूप से नहीं चल पा रहा है। गर्मी के मौसम में शहर में पैदा हुए पानी के भीषण संकट के कारण हालात को संभालने की कोशिश की गई। यह कोशिश पूरी तरह से सफल भी नहीं हो सकी और अभी तक पानी का संकट बरकरार है। शहर की सड़कों पर 600 से ज्यादा टैंकर दौड़ रहे हैं लेकिन फिर भी लोग पानी के लिए परेशान है। बड़ी संख्या में लोग निजी टैंकर से मनमाना पैसा चुका कर पानी खरीद रहे हैं। नगर निगम भी पानी के इस संकट से दो-दो हाथ करने में इस तरह व्यस्त हो गया कि उसे 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस होने की याद ही नहीं रही।

आज के दिन पिछले साल नगर निगम के द्वारा शहर में स्थित सभी 85 वार्ड में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया था। निगम की ओर से पूरे शहर का कोई एक बड़ा कार्यक्रम तो आयोजित नहीं किया गया था लेकिन हर वार्ड में पार्षद और रहवासी संघ के तालमेल से पौधारोपण करने का काम किया गया था। इसमें शहर के बगीचों के साथ ही वार्ड में खाली पड़े सरकारी स्थान पर हजारों की संख्या में पौधे लगाए गए थे।

इस साल नगर निगम को विश्व पर्यावरण दिवस और पौधारोपण दोनों की ही याद नहीं रही है। यही कारण है कि नगर निगम के द्वारा इस बार आज के दिन कहीं भी किसी तरह का कोई कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। यह जरूर है कि अब इस बारे में समाचार छपने के बाद संभव है कि नगर निगम शाम तक कहीं पर कोई ना कोई सांकेतिक कार्यक्रम आयोजित कर उसके प्रचार का ढोल बजाता हुआ नजर आए।

### प्रशासनिक स्तर पर हुई त्रुटि

विश्व पर्यावरण दिवस पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हमेशा उद्यान विभाग के अपर आयुक्त के द्वारा पहल की जाती है और जून के आने के पहले ही कार्यक्रम के लिए माहौल तैयार कर दिया जाता है। पिछले साल यह जिम्मेदारी अभय राजनगांवकर के पास थी। उस समय पर तो यह कार्यक्रम जोर शोर से आयोजित किया गया था। इस समय नगर निगम में उद्यान विभाग की जिम्मेदारी श्रृंगार श्रीवास्तव के पास है। उन्हें हाल ही में राजस्व विभाग से हटकर उद्यान विभाग में लाया गया है। ऐसी स्थिति में उनका ध्यान उद्यान विभाग के काम को अंजाम देने में नहीं है।

# ससुराल आए युवक ने लगाई फांसी,जेसीबी पर फंदे से लटका मिला शव

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के आठ मील इलाके में पत्नी को लेने आए एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का शव एक जेसीबी मशीन पर फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान आमिर पिता तेजपाल (26) निवासी भोपाल के रूप में हुई है। वह रूद्राक्ष बेचने का काम करता था। आमिर का अपनी पत्नी से पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण पत्नी मायके में चाचा ससुर के घर आठ मील, खुड़ैल इलाके में रह रही थी। आमिर अपनी पत्नी को समझा-बुझाकर वापस अपने साथ भोपाल ले जाने के लिए ससुराल आया हुआ था।बताया जा रहा है कि ससुराल में पत्नी को विदा कराने की बात पर फिर से विवाद हो गया। इस दौरान आमिर के चाचा ससुर ने पत्नी के इलाज में खर्च हुए रुपयों की मांग कर दी। इस बात से आहत और परेशान होकर आमिर ने अपनी पत्नी से मरने की बात कही। इसके कुछ देर बाद ही ससुराल पक्ष और आसपास के लोगों ने देखा कि आमिर का शव पास ही खड़ी एक जेसीबी मशीन पर फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही खुड़ैल थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू की।

# 44 टंकी खाली रही, 26 में भराया कम पानी

## महू के पास नर्मदा की लाइन में हुआ फाल्ट सुधारा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नर्मदा पेयजल योजना के तीसरे चरण की लाइन में कल महू में हुए फाल्ट को सुधार लिया गया है। इस परत के कारण आज इंदौर में पानी की 44 टंकी खाली रही। इसके साथ ही 26 टंकी में कम पानी भर आया है। इस स्थिति के कारण आज एक बार फिर शहर में पानी के संकट के हालात रहे। नर्मदा तृतीय चरण के सभी पंप कल प्रातः 10:12 बजे महू में ड्रीमलैंड चौराहे के पास 1700 एम एम व्यास की पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण बंद किये गये थे। सुधार कार्य पूर्ण होने के उपरान्त पुनः सभी पंप रात्री 12:25 पर चालू किये गये। नर्मदा कंट्रोल रूम बिजलपुर पर प्रेशर प्रातः 05:00 बजे से बनना प्रारंभ हुआ। जिसके उपरान्त टंकियां भरने का कार्य प्रारंभ किया गया। उक्त पंप बंद रहने से आज माँ विहार कॉलोनी, स्कीम न 59, बिलावली, भंवरकुआं, खातीवाला टैंक, स्नेह नगर, सी पी शेखर नगर, गाडी अड्डा, पागनीसपागा, उर्दू स्कूल, एमवायएच, पीडब्ल्यूडी, यशवंत क्लब, तुकोगंज, कॉटन अड्डा, भागीरथपुरा, कुलकर्णी का भट्टा, अम्बेडकर नगर, एम आई जी कालोनी, त्रिवेणी पार्क, बजरंग नगर, नंदानगर रोड न 13, नंदा नगर नई, नंदानगर पुरानी, बर्फानी धाम, जनता क्वार्टर, सुखलिया, वीणा नगर, महालक्ष्मी नगर, स्कीम न 54, स्कीम न 74, स्कीम न 114 पार्ट 2, नानक नगर, स्कीम न 94, मूसाखेड़ी, टूटी प्रेस, शिव नगर, महावीर नगर, स्कीम न 78, स्कीम न 114 पार्ट 1, लोहा मंडी, राजीव आवास विहार, स्कीम न 136 व स्कीम न 113 की टंकी खाली रही। इसके अलावा बिजलपुर, खजराना, प्रगति नगर, सूर्यदेव नगर, हवा बंगला, विदुर नगर, ग्रेटर वैशाली, साईं कृपा कालोनी, स्कीम न 71, चन्दन नगर, नगीन नगर, अंबिकापुरी, स्कीम न 140, कृषि नगर, श्री नगर एक्सटेंशन, मित्र बंधु नगर, स्कीम न 134, तपेश्वरी रेती मंडी, सिलिकॉन सिटी, समर पार्क, पालीवाल नगर, सर्व सुविधा नगर, हारुन कॉलोनी, भूरी टेकरी की टंकी में कम पानी भरा जा सका।

# जल संरक्षण के लिए भविष्य में किए जाने वाले उपाय पर देना थे सुझाव

## किसी ने कविता सुनाई तो किसी ने एनजीओ के नाम गिनाकर उनके साथ काम करने की कर दी सिफारिश

### एमटी क्लॉथ मार्केट व्यापारी बोले वाटर रिचार्जिंग से खत्म हुई समस्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के जल संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी बारिश के मौसम में जल संरक्षण के लिए कौन-कौन से उपाय किए जाएं और रहवासी संगठन आने वाले समय में इस पर किस तरह से काम करेंगे, इस में नगर निगम रहवासियों का क्या सहयोग कर सकता है इस पर चर्चा की जानी थी, लेकिन सभागृह में उस समय स्थिति अजीबो-गरीब बन गई जब लोगों ने अपना खुद का प्रमोशन करना शुरू कर दिया, यहां तक तो ठीक था लेकिन एक महिला द्वारा एनजीओ के नाम गिना दिए गए और उनकी सिफारिश करते हुए यहां तक कह दिया कि उन्हें वाटर रिचार्जिंग बनाने उन एनजीओ को सौंप दिया जाए, मैं उनके साथ मिलकर लोगों को जागरूक बनाने का काम कर सकती हूँ। वहीं कई लोगों ने इस विषय पर कविता पाठ भी कर डाला इसी बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव को दो बार लोगों को विषय याद दिलाना पड़ा जिस पर चर्चा की जानी थी।

धार से आए एक प्रोफेसर ने तो अपने आयुर्वेदिक उपचार का प्रचार भी कर डाला। उन्होंने कहा कि घरेलू साग सब्जियां के साथ जड़ी बूटियां के पौधे लगाकर वह इसकी औषधियां बनाते हैं और लोगों की बीमारी ठीक कर देते हैं। उन्होंने यह कहते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की सलाह दी। इसके साथ ही तीन से चार लोगों ने पानी पर लिखी कविताओं का पाठ किया।

इधर नगर निगम के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में वाटर रिचार्जिंग की अलग-अलग विधियों के बारे में लंबा चौड़ा प्रेजेंटेशन दे डाला जिस पर भी महापौर भार्गव ने कहा कि इस संबंध में सभी को जानकारी है। आने वाले समय में उपाय कहां-कहां और कौन-कौन करने वाला है इस पर बात की जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। वहीं कई लोग बोलने का अवसर नहीं मिलने के कारण सभागृह से उठकर चले गए और नाराजगी जताई।

वही इंदौर शहर का सबसे महंगा और पाश इलाके के लोग भी इस समय जल संकट से परेशान है। रहवासी संगठन के सदस्य प्रमोद बंडी ने बताया कि रेस कोर्स रोड पर पानी नहीं आ रहा है। प्राइवेट टैंकर वाले मन माने भाव वसूल रहे हैं। नगर निगम पूरे शहर में इन टैंकरों के भाव तय कर दें तो रहवासियों को राहत मिल सकती है।

वही क्लॉथ मार्केट व्यापारी संगठन के सदस्य ने बताया कि क्लॉथ मार्केट में इतनी चौड़ी सड़क नहीं है की पानी का टैंकर आ सके इस समस्या के निराकरण के लिए हमें मार्केट के अंदर ही निराकरण खोजने थे। आग लगने जैसी घटनाओं के दौरान भी बड़ी मुश्किल से पानी पहुंच पाता था लेकिन हमने यहां वाटर रिचार्जिंग करके समस्या का निराकरण कर लिया है। पांच वाटर रिचार्जिंग किए गए हैं जिसके बाद यहां के बोरवेल और कुओं में पानी आ गया है इसी तरह से क्लॉथ मार्केट स्कूल में भी काम किया गया है और यहां भी गर्मियों के दौरान टैंकर बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती है।



## नर्मदा के मुख्य पाइप लाइन में लीकेज में सुधार के प्रयास

### कल के बाद आज भी बाधित हुआ जल सप्लाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट)। नर्मदा तृतीय चरण की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने की वजह से कल गुरुवार को भी कई टंकियों में पानी नहीं पहुंचा, वहीं आज भी कई टंकियों में पानी नहीं पहुंच पाया है इससे जलप्रदाय प्रभावित हुआ। नर्मदा की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने की वजह से चिंता का विषय रहा और आयुक्त क्षीतिज सिंघल सीधे सुधार कार्य स्थल का निरीक्षण करने भी पहुंचे। इस सुधार कार्य को पूरी टीम लगाकर जल्द सुधार का प्रयास किया गया। इस लीकेज के कारण नर्मदा तृतीय चरण के सभी पंप तत्काल प्रभाव से बंद किए गए। आयुक्त के अलावा जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू, अपर आयुक्त आशीष पाठक और अन्य अधिकारी भी पहुंच गए थे।

## निगम ने सवा दो माह में की 479 मोटर जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में पानी की कमी है, फिर भी कई लोग सीधे नलों पर मोटर का पाइप जोड़कर पानी खेंचते हैं। इससे दूसरे लोगों को पानी कम दबाव के साथ मिलता है। नगर निगम ने 29 मई से नर्मदा लाइन से अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी खींचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की और अभी तक मोटर जब्ती से लेकर चालानी कार्रवाई करते हुए 479 मोटर जब्त की। नगर निगम द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा नर्मदा लाइन में डायरेक्ट मोटर पंप लगाकर पानी खींचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके पालन में आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशन में नगर निगम की चार विशेष टीमों द्वारा लगातार विभिन्न जोन क्षेत्रों में प्रातःकालीन अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई निरंतर जारी है और जल वितरण व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## पानी की बर्बादी करने वालों पर कार्रवाई

इंदौर सिटी ब्लास्ट। नगर निगम द्वारा जल संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समानांतर रूप से एक विशेष जनजागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान भी संचालित किया जा रहा है। आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार क्षेत्रीय सीएसआई एवं उनकी टीमों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर पानी की अनावश्यक बर्बादी करने, सड़कों पर पानी बहाने तथा जल अपव्यय के कारण गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 34 व्यक्तियों के विरुद्ध चालान बनाकर कुल 9,850 रुपये की राशि वसूल की गई।



## बाइक सवार ने जुगाड़ से बना ली छत

इंदौर( सिटी ब्लास्ट )। शहर में बाइक मोडिफाई तो कई है, लेकिन कुछ लोग जुगाड में मोडिफाई कर नियमों की धज्जियां उड़ाते है। ऐसी ही एक बाइक सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। जहां एक डिलीवरी बॉय ने एक बाइक पर जुगाड कर छत बना ली है। जिससे धूप एवं बारिश से कुछ राहत मिल सके। रोबोट चोराहा से गुजरे इस चालक पर ट्रैफिक पुलिस की नजर नहीं पड़ी।




## पूरा सियागंज ही उठा लूंगा....

इंदौर( सिटी ब्लास्ट )। शहर में दोपहिया वाहन पर सामान लोड कर चलना तो आम बात है लेकिन इस कदर सामना लादकर स्वयं की एवं अन्य राहगीरो की जान जोखिम में डालकर चलना कितना उचित है, यह तो चालक से ही पूछना चाहिए। सियागंज स्थित एक दुकान से सामान ले जा रहे युवक को राहगीरों ने भी टोका। फिर भी वह नहीं माना तो लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डाली। अब देखना होगा क्या यह वीडियो जिम्मेदार तक पहुंचता है, क्या वे कोई करवाई करेंगे।

## एमवाय टेंपो स्टैंड से श्रद्धानंद मार्ग तक 80 फीसदी सीमेंटेड सड़क हो गई तैयार

इंदौर। विधानसभा 3 के छावनी क्षेत्र में एमवाय टेंपो स्टैंड के सामने से लेकर श्रद्धानंद मार्ग तक तक के बड़े हिस्से में 80 फ़ीसदी से ज्यादा नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो गई है। वही अब क्षेत्र की सबसे वीआईपी और पॉश कॉलोनी जावरा कंपाउंड क्षेत्र की बारी भी आ गई है। राहत की बात यह है कि अब यहां जावरा कंपाउंड क्षेत्र में आईसीआई बैंक के पास के बड़े हिस्से में खुदाई कर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। गौरतलब है किस पहले बीजेपी कार्यालय के सामने वाली सड़क से लेकर जगदाले स्कूल वाली गली को जावरा कंपाउंड मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का काम भी पहले चरण में पूरा हो चुका है। जबकि वर्तमान में कई जगह बचे हिस्से में काम तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा अन्य शेष बची गलियों में भी वर्तमान में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। वहीं दूसरी ओर अब निगम ने जावरा कंपाउंड क्षेत्र की कई मल्टियों और टाउनशिप से जुड़ी सड़क को जावरा कंपाउंड चौराहे से एमवाय हॉस्पिटल के सामने हनुमान मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया है।जिसके तहत शिव मंदिर के सामने से मल्टी के सामने वाली गली तक नई सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे आने वाले दिनों में इस पूरे क्षेत्र में लाखों रुपए की लागत से सभी गलियों की सड़कें बनकर तैयार हो जाएगी। जिसको लेकर वर्तमान में यहां तेजी के साथ काम चल रहा है। यही नहीं इससे इस क्षेत्र के हजारों परिवारों को आने वाले दिनों बेहद जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है।

## ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर वरिष्ठ अधिकारी के साथ दौरा




इंदौर( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर में 9 जून से प्रारंभ होने वाले अंतरराष्ट्रीय महत्व के ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के कृषि विभाग के सचिव श्री निशांत वरवड़े गुरुवार को इंदौर पहुंचे और आयोजन से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर अवलोकन कर समीक्षा भी की और आवश्यक दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर शिवम वर्मा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, निगमायुक्त क्षीतिज सिंघल के अलावा अन्य अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम, दिलीप यादव, सिद्धार्थ जैन, अर्थ जैन, रोहित सिसोनिया, आलोक मीणा, सीएल केवड़ा मौजूद थे। वरवड़े ने होटल शेरेटन, मैरियट होटल तथा ग्रामीण हाट बाजार सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से सम्मेलन के दौरान आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने को कहा। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन से इंदौर को वैश्विक स्तर पर अपनी कृषि, नवाचार एवं विकास उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त होगा। सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिससे कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान भी होगा।



## लायंस ने किया सेवा कार्य

**इन्दौर।** लायंस क्लब इंदौर यूनिक द्वारा सेवा भारती संस्था को महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण हेतु 50 हजार का चेक एवम स्मार्ट टीवी भेंट की। इस दौरान डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, संतोष गोयल, हरीश उप्पल, आशीष दुबे, प्रवीण पांडे, नवीन छाबडा, संगीता उप्पल, विनोद जोशी, ललित लड्ढा, निर्मल राजपूत, आनंद जेसवानी, हेमंत डोसी, मनीष भंडारी, अशोक व्यास, अशोक भूसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में उमड़ी आस्था की भीड़

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



बिजासन रोड नरसिंह वाटिका में आयोजित सिद्धचक्र श्रीचक्र साधना महोत्सव का आयोजन शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ की मौजूदगी में किया गया। इस अनूठे अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुप्त काशी-केदारखंड के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में आयोजित सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में शामिल साधकों को शंकराचार्य ने आशीर्वाद भी दिया। स्वामी जयगिरि महाराज सहित अन्य संत का सान्निध्य भी मिला। सांसद शंकर लालवानी भी आयोजन में पहुंचे थे।



## माहेश्वरी महिलाओं ने दिया चंद्रदेव को अर्घ्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

माहेश्वरी महिला संगठन हाईवे क्षेत्र द्वारा अधिक मास की चतुर्थी का उद्यापन का आयोजन 150 मातृशक्तियों की सामूहिक मौजूदगी के साथ किया। चंद्रदेव को अर्घ्य भी सामूहिक रूप से दिया गया और उसके बाद सभी मातृशक्तियों ने अपने उपवास को पूर्ण कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। निर्मला मंत्री, सुषमा मालू, सुधा मालू, कविता बाहेती, हेमा बियानी, कविता लाहोटी, अंजू माहेश्वरी, शीतल सारडा, गायत्री बाहेती, नीलिमा बियानी ने अपनी भूमिका निभाई। उक्त जानकारी शीतल सारडा ने दी।

## बाल विवाह की जानकारी धर्मगुरुओं को दी गई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद कार्यालय सांवेर में आयोजित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। अधिकारी कुसुम मंडलोई, शहरकाजी की मौजूदगी में यह आयोजन उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने बाल विवाह अधिनियम की जानकारी दी। सांवेर शहरकाजी मो. सलामुद्दीन ने भी उदबोधन दिया। मोईनुद्दीन सैयद, विक्रमसिंह चौहान, आशीष गोस्वामी ने भी अपनी भूमिका निभाई। जिले के सभी 10 तहसील और चार जनपद में कार्यशालाओं का आयोजन कर विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।



## सिखवाल ब्राह्मण समाजजन ले रहे हैं कृष्णभक्ति का लाभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** श्री पांचपट्टी सिखवाल ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित भागवत कथा जो श्रृंगी ऋषि धर्मशाला नलिया बाखल में आयोजित हो रही है। उस कथा का रसपान कपिल शर्मा राधे गुरु करवा रहे हैं। कल कृष्ण जन्मोत्सव का चित्रण भी किया जिसका लाभ सिखवाल समाजजनों ने लिया। मातृशक्तियां भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। ढोल थाली पर मातृशक्तियों ने नृत्य भी किया। व्यासपीठ का पूजन घनश्याम जोशी सहित अन्य ने किया।



## भगवान नरसिंह के सामने कृष्ण भक्ति का लाभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नरसिंह बाजार स्थित नरसिंह मंदिर में पुरुषोत्तम मास में सुबह तो विष्णु सहस्त्रनाम से भगवान का सहस्त्र अर्चन हो रहा है। वहीं सायं काल 4 बजे से 7 बजे तक भागवत कथा का रसपान बसंत कुमार खटोड करवा रहे है। पुजारी छोटेलाल शर्मा ने बताया कि भगवान नरसिंह का कल गोवर्धननाथ स्वरुप में श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग भी लगाए गए। सुबह शाम के आयोजन और प्रभु श्रृंगार दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे। भजन गायक अमित मेहता ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी व्यास पीठ का पूजन गिरीश कश्यप ,हरीश कश्यप कृष्णा नेमा ने किया।

## बच्चों के लिए शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मालवीय नगर स्थित शासकीय विधालय में आयोजित 5 दिवसीय व्यक्तित्व् विकास शिविर में



बच्चों को विभिन्न कलाओ के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षिका सीमा व्यास ने बच्चों को अभिनय और संवाद की बारीकिया सिखाई। सुमन कोचर ने बच्चों को प्रार्थना, और नैतिक कहानियों के माध्यम से जीवन मूल्यों के बारे में शिक्षा दी। स्वाति द्रविड, विजय रांगणेकर, आलोक खरे, सुबोध भोरास्कर ने अपनी भूमिका निभाई।

## मठ पर फूलों की होली के बीच भागवत एवं रामायण का पूजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में 108 श्रीमद भागवत एवं रामायण पारायण के अनुष्ठान में संकष्टी चतुर्थी के उपलक्ष्य में महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में फूलों की होली, विष्णु अर्चना, श्रीसूक्त के पाठ सहित विभिन्न शास्त्रोक्त पाठ किए गए। रजत मंडित पंचमुखी हनुमान के फल वाटिका में विराजित होने के मनोहारी दृश्य को सैकड़ों भक्तों ने निहारा। इस अवसर पर हवन के साथ अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति भी सम्पन्न हुई। सैकड़ों श्रद्धालु फूलों की होली में भागीदार बने।वहीं भजन कीर्तन भी किए गए। भागवत और रामायण का पूजन भी किया गया।



## मातृशक्तियों ने किया सामूहिक उद्यापन

### पौधारोपण और देखरेख का लिया संकल्प

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

बिजासन रोड आदिनाथ भवन में श्री कृष्णाश्रय सेवा महिला मंडल द्वारा अधिक मास चतुर्थी पर सामूहिक उद्यापन का आयोजन किया गया। जिसमें 51 मातृशक्तियों ने चंद्रमा का पूजन अर्चन क़र आरती कर सभा ने पौधा रोपण कर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। अतिथि महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज, सम्मीलित हुई। आयोजन में उद्यापन करने वाली महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान अंजली संजय शुक्ला, विनितिका दीपू यादव,प्रमोद जोशी, मंजुला शर्मा, वर्षा बंसल, ऋतु तिवारी मौजूद थी।

# टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन ने किया सेमिनार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मध्य प्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन द्वारा अनुमानित कराधान योजना एवं आयकर रिटर्न की सही रिपोर्टिंग विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसल्टेंट्स, अधिवक्ताओं, व्यापारियों एवं करदाताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सीए एस.एन. गोयल ने कहा कि सोशल मीडिया एवं विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अनुमानित कराधान योजना को लेकर अनेक भ्रामक जानकारियां प्रसारित की जा रही हैं, जिसके कारण कई करदाता गलत तरीके से आयकर रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। एमपीटीसीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुमित नीमा ने बताया कि गलत रिटर्न दाखिल करने पर करदाताओं को आयकर विभाग की जांच, नोटिस, ब्याज एवं पेनल्टी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि नए आयकर रिटर्न फॉर्म में व्यापारिक लेनदेन वाले बैंक खातों का 31 मार्च का क्लोजिंग बैलेंस बताना अनिवार्य किया गया है, इसलिए सही एवं तथ्यात्मक जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। कीर्ति जोशी, अंकित सोमानी ने भी उदबोधन दिए। डॉ. अभय शर्मा, चर्चिल जैन, आनंद जैन, पी डी नागर, शैलेंद्र पोरवाल, जी बी अग्रवाल, आर एस गोयल ने अपनी भूमिका निभाई।

# सुरमई गीतों भरी प्रस्तुति



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बावरा कराओको सुरमयी गीतों की प्रस्तुति कलाकारों के माध्यम से कराई। गायक गणेश पुराणिक, सुनील श्रीवास्तव, राजा दुबे, पी.वी.एल.एन. राव, बालकृष्ण गौतम, ओमप्रकाश चंदन व अन्य अभय तिवारी द्वारा भी अपनी प्रस्तुति दी गई। मधु परमार, चंदा कुंडलवाल, बसंत कार्लेकर, शरद खंडेलवाल, ओपी भारती, गोविंद दुबे ने अपनी भूमिका निभाई।

# पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम

## हरित परिसर, स्वच्छ पर्यावरण और पॉलीथिन मुक्त जीवन का संकल्प

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था मालवमंथन द्वारा रुक्मणीबेन दीपचंदभाई गार्डी नर्सेस ट्रेनिंग सेंटर में पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के संवर्धन तथा पॉलीथिन मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया गया। पॉलीथिन का उपयोग बंद कर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वैशाली खरे ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की पंच प्रतिज्ञा दिलाई। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य लवली ए. जोशी ने विश्वास दिलाया कि संस्थान परिसर को पूर्णतः पॉलीथिन मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। पुखराज गहलोत, डॉ. सोनम दुबे, डॉ. सपना सिंह, कपिल गुप्ता, भावना शर्मा, नित्या व्यास ने अपनी भूमिका निभाई।






# पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अभ्यास मंडल परिवार द्वारा आर.पी.एल. माहेश्वरी कॉलेज परिसर में नीम वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा शिक्षा, समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। रामेश्वर गुप्ता, डा. मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे, डॉ. स्वप्निल व्यास, डॉ. जयकिशन साहू, रामअवतार जाजू, डॉ. वीणा सोनी, किशनलाल सोमानी, डॉ. चेतन जोशी, डॉ. विकास जोशी, एन.के. उपाध्याय, सी.बी. सिंह, लव शारदा, देवेंद्र बाहेती, हरेराम वाजपेयी, नूर मोहम्मद कुरैशी, मुरली खंडेलवाल, शफी शेख, यश जायसवाल, सुनील व्यास,, प्रणीता दीक्षित, सुनील चौधरी,शरद सोमपुरकर उपस्थित रहे।

# 'प्रकृति परिवर्तन दिवस' का आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति भवन, न्यू पलासिया में 'प्रकृति परिवर्तन दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'प्रकृति और पर्यावरण' विषय पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया गया। सुधीन्द्र मोहन शर्मा, आशा बहन, रेवती बहन, राकेश बमोरिया सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।






# जोशी के श्रीमुख से हुई भागवत कथा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री डीडवाना पँचायती 51 घर थोक महिला सँगठन द्वारा भागवत कथा का आयोजन रमेशचंद्र जोशी के श्रीमुख से कराया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां सात दिनों तक धार्मिक आयोजन में मौजूद रही।



# विधान महोत्सव में 256 सिद्धों को अर्घ्य समर्पित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री आदिनाथ जिनालय चौक मंदिर पर 1008 सिद्धचक्र महामंडल एवं विश्वशांति महायज्ञ महोत्सव का आयोजन 30 मई से 7 जून तक मुनिश्री 108 सभंवसागर म.सा. के ससंघ सानिध्य में हो रहा है। बडी संख्या में जैन समाजजनों की मौजूदगी में सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 256 सिद्धों को अर्घ्य समर्पित किए गए।

# नाबालिग़ से बलात्कार पर प्रदर्शन के माध्यम से फास्टट्रेक और फांसी की मांग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भिंड से ग्वालियर लाकर कक्षा नौवीं की छात्रा के साथ बलात्कार कर पेट्रोल डालकर आग लगाकर जान से मारने का काम किया और देश और प्रदेश में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में सुनील गोधा के नेतृत्व में कल नेमीनाथ चौक मल्हारगंज पर एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया गया और मांग की गई कि अपराधियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जावे। सुनील गोधा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बडी संख्या में जैन समाजजन जिनमें मातृशक्तियां भी वे सभी शामिल हुई।






# के.आर. जैन को डॉक्टर ऑफ़ फिलॉसफी उपाधि

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वरिष्ठ और शासकीय सेवा से निवृत्त हुए डॉ. के.आर.जैन ने 76 वर्ष की आयु में डॉक्टर ऑफ़ फिलोसफी की उपाधि प्राप्त की। यह शोध कार्य 'द ओपन यूनिवर्सिटी फॉर कम्प्लीमेंटरी मेडिसिन' से पूर्ण किया। कई पूर्व अधिकारी एवं भरत शर्मा ने बधाई दी है।

# रेसीडेंसी क्षेत्र के सालों पुराने इनकम टैक्स दफ्तर में मिली नई सड़क की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। रेसीडेंसी क्षेत्र में सालों पुराने केंद्रीय इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के डिवीजन 1 में स्थित दफ्तर में विकास कार्यों और सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत पहले चरण में लंबे समय से खुले दफ्तर के चारों ओर सुरक्षा बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सांची पॉइंट से लेकर भीतर तक नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया गया। वही अब केन्द्रीय इनकम टैक्स डिपार्मेंट के इस सालों पुराने दफ्तर वाले भवन में प्रवेश के लिए इंट्री गेट पर ही एक भव्य आकर्षक प्रवेश द्वार का नवनिर्माण भी किया जा रहा है।

## अब सौंदर्यकरण की बारी : भव्य प्रवेश द्वार का हो रहा नव निर्माण



**ये होगी खासियतः** अफसरों के मुताबिक इस द्वार की खासियत यह होगी कि इस द्वार पर रात में भी आकर्षक लाइटिंग से जगमगाहट नजर आएगी। इसके अलावा गेट पर लगने वाले नए सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे सतत निगरानी भी होगी। इसके साथ ही केंद्रीय इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से जुड़े आधा दर्जन अन्य ऑफिस और सम्पूर्ण दफ्तर के चप्पे - चप्पे की भी सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। इस पर भी काम चल रहा है। इसके साथ ही नेहरू स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने स्थित केंद्रीय इनकम टेक्स डिपार्टमेंट के सालों पुरानी इमारत में और भी रिनोवेशन कार्य के तहत कई सुधार और नवीनीकरण के कार्य इन दिनों किए जा रहें है। जिसके अंतर्गत सुरक्षा बाउंड्री वॉल और भीतर के हिस्से में नई सड़क निर्माण के बाद अब सौंदर्यकरण के लिए भी कई काम किए जा रहे है। जिनमें मुख्य रूप से परिसर में आकर्षक रंगीन पेवर्स ब्लाक लगाकर फुटपाथ को चमकाया जा रहा है। साथ ही खूबसूरती और हरियाली के लिए पेड़ पौधे लगाने का काम भी होगा। यही नहीं रोशनी के लिए भीतर से लेकर बाहर तक आकर्षक डिजाइन वाली नई लाइटिंग भी लगाई जाएगी।

# 200 में 40 बस स्टॉप तैयार

## अब 30 और नए आधुनिक बस स्टॉप की मिलने वाली है सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर के लोगों को आने वाले दिनों में गर्मी और धूप में खड़े रहकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि अगले डेढ़ से दो माह में एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में अलग - अलग जगहों पर 30 से ज्यादा और नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप का निर्माण कर यात्रियों के उपयोग के लिए शुरू करने की तैयारी है। जबकि अब तक पहले चरण के तहत 200 में से 40 से ज्यादा बस स्टॉप पहले ही तैयार हो चुके है।

जबकि वर्तमान में शहर के प्रमुख बाजार और खास स्थान पर निगम द्वारा नई एवं आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से लैस बस स्टॉप बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसके तहत इन बस स्टॉप में बैठने की व्यवस्था के साथ बसों के आने - जाने के टाइम टेबल सहित अन्य जानकारी और सुविधाएं भी देने की तैयारी चल रही है।




ये सुविधाएं मिल रही नए बस स्टॉप पर यात्रियों को

खास बात यह है कि इन नए और डिजिटल बस स्टॉप में यात्रियों को आरामदायक कुर्सियों और बेंचों पर अच्छी बैठक व्यवस्था के साथ मोबाइल चार्जिंग सुविधा भी मिल रही है। इसके अलावा इस रूट से गुजरने वाली सभी बसों के आने-जाने के टाइम टेबल की जानकारी भी डिजिटल डिस्प्ले पर आसानी से मिलेगी। इसके साथ सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था भी मिल रही है। इसके अलावा रात में इन नए बस स्टॉप पर लाइटिंग की व्यवस्था रखी गई है। साथ ही मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी दी जा रही है। इसके साथ गर्मी और धूप से बचने के लिए पूरी छत की व्यवस्था भी है।

**नाइट विजन वाले डिजिटल सीसीटीवी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से होती है निगरानी-** यही नहीं इन तमाम सुविधाओं के साथ बड़ी बात यह है कि दिन के साथ रात में भी महिला यात्री आराम से यहां सुकून के साथ बसों का इंतजार कर सकेगी। क्योंकि तमाम सुविधाओं के साथ अब इन आधुनिक बस स्टॉप पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है। जिससे कंट्रोल रूम से इन नए आधुनिक बस स्टॉप की निगरानी भी की जा रही है। जिससे रात दिन इन सभी नए बस स्टॉप पर महिलाओं को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी सुरक्षा दी जा रही है।

गौरतलब है कि एआईसीटीएसएल द्वारा पिछले साल से शहर में 200 से ज्यादा आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 40 से ज्यादा नए बस स्टॉप बनकर तैयार भी हो गए है। वहीं अभी कई जगह निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जहां कई बस स्टाप जल्द बनकर तैयार होने वाले है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगले डेढ़ से दो माह में ज्यादातर जगह नए बस स्टाप बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे। वहीं फिर इन नवीन बस स्टॉप को बेहद जल्द आमजन के लिए शुरू भी करेंगे।

# निमाड अंचल और अन्य सडकों पर स्वीकृति

## चार हजार करोड़ से अधिक लागत से संवरेगी 233 किमी लम्बी सड़केंष्ठ ख़रगोन को भी सौगात

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने मध्यप्रदेश के निमाड़-अंचल को महत्वपूर्ण सौगात दी है। मध्यप्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड की मौजूदा मध्यवर्ती लेन को पक्की शोल्डर मानक वाली टू लेन में अपग्रेड करने और देशगांव-जुलवानिया खंड (108.643 किमी) की मौजूदा टू लेन को फोर लेन में चौड़ा करने को हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर मंजूरी दे दी है। इस पर 4,415.60 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय कुंवर शाह ने उनके विधानसभा क्षेत्र और निमाड़ - अंचल की सड़कें के उन्नयन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। मध्यप्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी और देशगांव-जुलवानिया खंड के प्रस्तावित उन्नयन से बेतूल, खंडवा, खरगोन और बड़वानी जिलों के शहरी क्षेत्रों में मौजूद गंभीर ज्यामितीय खामियों, तिरछे मोड़ों और भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। इस परियोजना के अंतर्गत खरगोन जिले के लिए 16.20 किलोमीटर लंबा एक विस्तारित ग्रीनफील्ड बाईपास विकसित किया जाएगा। इस परियोजना से औसत यात्रा गति बढ़ेगी, यात्रा का समय कम होगा और सड़क सुरक्षा, ईंधन दक्षता और वाहन परिचालन लागत में सुधार होगा, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना मध्यप्रदेश के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध रूप से जोड़ेगी। उन्नत कॉरिडोर 6 पीएम गति-शक्ति आर्थिक केंद्रों (1 कपड़ा क्लस्टर, 2 मेगा फूड पार्क, 1 औद्योगिक पार्क, 2 सुपर थर्मल पावर प्लांट), 5 सामाजिक केंद्रों (2 आकांक्षी जिले-खंडवा और बडवानी, 3 आदिवासी जिले - बैतूल, खंडवा, खरगोन) और 5 लॉजिस्टिक्स केंद्रों (2 प्रमुख रेलवे स्टेशन, 2 हवाई अड्डे,1 एमएमएलपी) से जुड़कर बहु-मोडल एकीकरण को बढ़ावा देगा, जिससे पूरे क्षेत्र में माल और यात्रियों की आवाजाही तेज हो सकेगी।

# फोनेक्स सिटी सहित आधा दर्जन कॉलोनियों को एबी रोड़ से जोड़ने की धीमी रफ्तार

## सालभर से चल रहा है सड़क निर्माण कार्य, फिर भी अधूरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। देवास नाका क्षेत्र की सबसे बड़ी कॉलोनी सैटलाइट टाउनशिप और ग्राम केलोद हाला को एबी रोड़ से सीधे जोडने का काम लंबे समय पहले शुरू हो जाने के बावजूद अभी तक बेहद धीमी रफ्तार से चल रहा है। जिसको लेकर अब सवाल उठ रहें है। यही नहीं हालत यह है कि सालभर से भी ज्यादा समय से भीतर से लेकर बाहर तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। उसके बावजूद अभी तक रेलवे क्रॉसिंग के पहले एक साइड की पट्टी में ही अभी तक महज आधी से ज्यादा सड़क ही बन पाई है। वो भी एक पट्टी में बनी जबकि दूसरी साइड बाधक निर्माण नहीं हटने के कारण अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग के सामने भी खुदाई कर लाइन डालने और बचे हिस्से में सड़क निर्माण का काम किया जाना है। लेकिन लंबे समय से यहां के काम की रफ्तार बेहद धीमी है।

**सैकड़ों रहवासी परिवारों को आने-जाने में हो रही परेशानी-** इधर जबकि आधी-अधूरी सड़क के कारण देवास नाका क्षेत्र की सबसे बड़ी कॉलोनी सैटलाइट टाउनशिप और ग्राम केलोद हाला के सैकड़ों रहवासी परिवारों को लंबे समय से यहां से आने-जाने में परेशानी हो रही है। हालांकि विकल्प के तौर पर अन्य रास्ते है



लेकिन वहां से जाने पर लोगों को डेढ़ से दो किमी दूर लंबा चक्कर लगाने के बाद अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।

**अभी कालोनी के लोगों को घूमकर लगाना पड़ रहा है लंबा चक्कर-** बड़ी बात यह है कि इस सड़क प्रोजेक्ट के पूरा होने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को आने वाले दिनों में सीधे एबी रोड से जुड़ने का फायदा मिलने वाला है। जबकि अभी यहां के लोगों को भीतर के दूसरे रास्तों से घूम कर निरंजनपुर होते हुए एबी रोड पर आना-जाना पड़ता है। यही नहीं यहां सबसे बड़ी बाधा दोनों साइड रेलवे क्रॉसिंग भी है। जहां दिनभर में कई बार ट्रेन आने के दौरान 15 से 20 मिनट से लेकर कई बार आधे घंटे तक जाम में फंसना पड़ता है। वहीं अब कहा जा रहा है कि रेलवे द्वारा कॉलोनी और ग्राम केलोद हाला ग्राम की सीमा शुरू होने से पहले वाले इस रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द पुलिया निर्माण और अंडरपास भी बनाने की तैयारी है। ताकि भविष्य में लोगों को इस रेलवे क्रॉसिंग पर रुकना ना पड़े। इसको लेकर क्षेत्र के रहवासी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग भी कर रहें है। इधर सड़क निर्माण का काम भी फिलहाल बाधक निर्माण और अतिक्रमण के कारण अटक गया है। इसके कारण भी लोगों को फिलहाल तो आने-जाने में परेशानी हो रही है।

## संपादकीय

# अग्निकांडः मौत के बाद जांच, जांच के बाद खामोशी, हादसे अचानक नहीं होते

राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई थी। किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है। राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है। आमतौर पर किसी भी अस्पताल में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं। पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे। बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी! मालवीय नगर के होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। एक बार फिर इस घटना ने राजधानी दिल्ली के लचर नागरिक प्रशासन और सुरक्षा इंतजामों की पोल एक बार फिर खोल दी है। दक्षिण दिल्ली के हौज रानी (मालवीय नगर) इलाके में स्थित 'फ्लरिश स्टे बीएंडबी' होटल में बुधवार, 3 जून 2026 की सुबह लगी इस भीषण आग ने 21 जिंदगियां निगल लीं। मरने वालों में 18 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं जो दिल्ली के बड़े अस्पतालों में इलाज कराने आए थे।

# बजाज फाइनेंस से 2.12 लाख की धोखाधड़ी

## मृत पिता के दस्तावेजों पर बेटे ने पास कराया लोन, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विजय नगर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी बेटे ने अपने दिवंगत पिता की पहचान और दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए बजाज फाइनेंस कंपनी से लाखों रुपये का लोन पास करा लिया। जांच के बाद जब कंपनी को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। विजय नगर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना विजय नगर थाना क्षेत्र में स्थित बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से जुड़ी है। एम ए बिजनेस सेंटर 5वीं मंजिल, विजय नगर स्थित बजाज फाइनेंस के अधिकारी फरियादी आकाश शंभूदयाल गौतम ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी अंकित चौहान निवासी बजरंग नगर, लसुड़िया ने अपने मृत पिता अच्छेलाल रामचीज चौहान की पहचान का गलत इस्तेमाल किया। कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को बताया कि अच्छेलाल रामचीज चौहान का निधन हो चुका था। आरोपी अंकित ने अपने दिवंगत पिता के मोबाइल नंबर और उनके पुराने क्रेडेंशियल्स व दस्तावेजों का उपयोग कर बजाज फाइनेंस में लोन के लिए आवेदन कर दिया। कंपनी की ऑटोमेटेड प्रक्रिया और पुराने सही दस्तावेजों के आधार पर 2 लाख 12 हजार 911 रुपये का लोन स्वीकृत भी हो गया। लोन राशि स्वीकृत होते ही अंकित ने उस पूरी रकम को चालाकी से अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया और अपनी व्यक्तिगत जरूरतों पर खर्च कर दिया।किश्ते नही भरने के बाद जब फाइनेंस कंपनी के ऑडिट व आंतरिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिस व्यक्ति के नाम पर लोन स्वीकृत हुआ है, उनकी मृत्यु हो चुकी है और लोन की राशि उनके बेटे के खाते में गई है, तो कंपनी के होश उड़ गए। इसके बाद फाइनेंस अधिकारी आकाश गौतम ने विजय नगर थाने में विस्तृत दस्तावेज सौंपे। विजय नगर थाना पुलिस ने प्रारंभिक जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद आरोपी अंकित चौहान के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# शराब दुकान पर गुंडागर्दी.. ज्यादा कमीशन नहीं मिलने पर बदमाशों ने सेल्समैन को धमकाया

## पथराव कर तोड़ी काउंटर की जाली

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मानपुर थाना क्षेत्र के रापुरिया कलाली पर मनमुताबिक कमीशन न मिलने से नाराज बदमाशों ने सेल्समैन के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान पर पथराव कर दिया। मानपुर पुलिस ने फरियादी सेल्समैन की शिकायत पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से दौलत नगर धार के रहने वाले फरियादी वीरेंद्र सिंह पिता भंवरसिंह सोलंकी रापुरिया स्थित शराब दुकान पर सेल्समैन हैं। वीरेंद्र ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि क्षेत्र के दो नामजद बदमाश दुकान पर आए और शराब बिक्री पर मिलने वाले कमीशन की मांग करने लगे। वीरेंद्र ने नियमानुसार तय कमीशन उन्हें दे दिया था, लेकिन आरोपी जबरन और ज्यादा रकम की मांग पर अड़ गए।जब सेल्समैन वीरेंद्र ने ज्यादा कमीशन देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपियों ने आव देखा न ताव, उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। गाली देने का विरोध करने पर आरोपियों ने सड़क से भारी पत्थर उठाकर दुकान की तरफ दे मारे। एक भारी पत्थर सीधे काउंटर की जाली पर जाकर लगा, जिससे जाली बुरी तरह टूट गई।तोड़फोड़ के बाद भी बदमाशों का हौसला इतना बुलंद था कि उन्होंने वहां मौजूद ग्राहकों और राहगिरों के सामने वीरेंद्र को उंगली दिखाते हुए धमकी दी कि अगर दोबारा यहाँ काम करना है और जिंदा रहना है, तो हमारी बात माननी पड़ेगी। अगली बार मना किया तो जान से खत्म कर देंगे।वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

# बिना नंबर की बाइक से शराब तस्करी,पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को दबोचा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर में अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत द्वारकापुरी थाना पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने अहीरखेड़ी टंकी के सामने घेराबंदी करते हुए बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर अवैध शराब ले जा रहे दो शातिर तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, द्वारकापुरी थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग और गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बिना नंबर की बाइक पर अवैध शराब की बड़ी खेप लेकर अहीरखेड़ी क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल अहीरखेड़ी टंकी के सामने जाल बिछाया और आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। जहां पुलिस को एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी, जिस पर दो युवक सवार थे। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुनील उर्फ सोनू पल्सर निवासी रामानंद नगर और परमानंद निवासी सिरपुर लक्ष्मी नगर बताया। जब पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल और उनके पास रखे बैग की तलाशी ली, तो उसमें से कुल 300 क्वार्टर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके की वैधानिक कार्रवाई करते हुए अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर की बाइक को जब्त कर लिया है।

# अंधेरे का फायदा उठाकर भागे शराब तस्कर

## पुलिस ने घेराबंदी कर ज़ब्त की शराब से भरी लोडिंग गाड़ी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बड़गोंदा थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एबी रोड पर घेराबंदी कर भारी मात्रा में अवैध शराब से लदे एक लोडिंग वाहन को जब्त किया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान आरोपी चालक और उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन को मौके पर ही छोड़कर भागने में सफल रहे। पुलिस ने वाहन और शराब सहित कुल 5 लाख रुपये से अधिक का मशरूका जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।**

बड़गोंदा पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एबी रोड के रास्ते एक लोडिंग वाहन में अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल एबी रोड पर नांदेड और थवलाय के बीच स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास नाकेबंदी की और संदिग्ध वाहनों की निगरानी शुरू कर दी।?कुछ ही देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए का एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो वाहन में सवार आरोपियों ने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम द्वारा चारों तरफ से घेराबंदी मजबूत देख आरोपियों को समझ आ गया कि वे बच नहीं पाएंगे। इस पर आरोपियों ने चालाकी दिखाई और गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। रात के समय सुनसान इलाका और अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी पुलिस के हाथ आने से पहले ही खेतों और झाड़ियों की तरफ भाग निकले। पुलिस टीम ने जब लावारिस छोड़ी गई अशोक लेलैंड लोडिंग गाड़ी क्रमांक एमपी-09 जीजी-5184 की सघन तलाशी ली, तो उसके अंदर भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई पाई गई। पुलिस ने वाहन से 53 पेटी माउंट बियर,10 पेटी व्हिस्की कुल 63 पेटी अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने मौके की समस्त वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त लोडिंग वाहन को जब्त कर लिया है। जब्त वाहन और शराब की कुल अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी जा रही है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी समेट ले गए चोर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शिप्रा थाना क्षेत्र के डीएलएफ गार्डन सिटी कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात का खुलासा तब हुआ जब मकान मालिक वापस लौटे और घर का ताला टूटा हुआ पाया। सूचना मिलते ही शिप्रा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी शुभम प्रजापति निवासी डीएलएफ गार्डन सिटी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे किसी काम से बाहर गए हुए थे, तभी अज्ञात बदमाश उनके घर का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए। चोरों ने कमरों में रखी अलमारी के ताले चटकाए और उसमें रखीं दो सोने की चेन, एक सोने की पांचाली, सोने का हार, अंगूठी, नाक के कांटे, नाक की खुटिया, कान की झुमकी सहित चांदी की चार जोड़ी पायल और 30 हजार रुपये नकद बटोरकर रफूचक्कर हो गए। चोरी गए जेवरातों की सही कीमत का आकलन बिल देखने के बाद किया जाएगा।पीड़ित परिवार जब घर लौटा, तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया; कमरों का सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था। पुलिस को आशंका है कि चोरों को परिवार के बाहर जाने की पहले से जानकारी थी और वे मकान की रेकी कर रहे थे। शिप्रा थाना पुलिस ने बताया कि कॉलोनी और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# मेजबान प्रकाश क्लब और किशन दादा टीम की आसान जीत

**इंदौर ।** मेजबान प्रकाश हॉकी क्लब और किशनदादा टीम ने जोरदार प्रदर्शन के सहारे स्व। बंसीला सिलावट स्मृति सेवन साइडर हॉकी स्पर्धा में अपने-अपने मैच जीते। रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित अभ्यास स्थल पर आयोजित टूर्नामेंट के पहले मैच में किशन दादा टीम की टक्कर अभि फाउंडेशन टीम से हुई। रोमांचक मैच में किशनदादा टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। विजेता टीम की ओर से अजय कनेश और वीरपाल ने एक-एक गोल किए। दूसरे मुकाबले में प्रकाश हॉकी क्लब का सामना आरआर स्पोर्ट्स टीम से हुआ। परिणाम के लिहाज से यह मुकाबला भी एकतरफा साबित हुआ, जिसमें प्रकाश क्लब टीम ने अपना दबदबा बनाया और 3-0 से आसान जीत दर्ज की। विजेता टीम की ओर से अभय रैकवार, पुनीत रैकवार और कृष्ण सरस ने एक-एक गोल दागे। विपक्षी टीम की ओर से वापसी के कई प्रयास किए गए,लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि स्पर्धा के लीग मैचों का गुरुवार को समापन हो गया। शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। मैचों के दौरान डॉ. सुरेश मालवीय, रामकुमार यादव, बाबूलाल यादव, डॉ. रफीक खान, पूर्व सरपंच अजय गोयल और शम्मीवीर जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

# तैराक खुदकुशी मामले में लिव इन पार्टनर बरी

**इंदौर( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय स्तर की तैराक और स्पोर्ट्स टीचर की खुदकुशी के मामले में उसके लिव इन पार्टनर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में यह साबित नहीं हुआ कि मृतिका को लिव इन पार्टनर प्रताड़ित करता था। साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने आरोपी को बरी किया है। न्यायाधीश श्री अभिषेक गोयल ने राऊ थाने के चर्चित मामले में आरोपी असीम उर्फ सोनू पिता राजकुमार राजन निवासी पलाश परिसर सिलिकॉन सिटी को बाइज्जत बरी किया है। आरोपी सोनू की ओर से अधिवक्ता विकास यादव 'छन्नू' और आशीष कुशवाहा ने मामले में पैरवी की थी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर माह में पलाश परिसर में छठी मंजिल से कूद कर एक महिला ने खुदकुशी कर ली थी। वह अपने पति से विवाद के चलते अलग रह रही थी। असीम उर्फ सोनू उसका लिव इन पार्टनर था। पुलिस ने महिला के परिवार वालों के बयान दर्ज किए ,जिसमें असीम उर्फ सोनू के बारे में जानकारी सामने आई। परिजनों ने सोनू के खिलाफ बयान दिए थे और बताया था कि सोनू उसके साथ आए दिन मारपीट कर उसे परेशान करता था। अधिवक्ता विकास यादव छन्नू ने सभी गवाहों से सवाल जवाब किया। जिसमें गवाहों के आरोप टिक नहीं पाए। न्यायालय ने भी यह माना कि मृतिका अपना अच्छा बुरा समझने वाली महिला थी। पति से विवाद के बाद उसने शांतिपूर्वक रहने के लिए अलग होना बेहतर समझा। अगर लिव इन पार्टनर उसे प्रताड़ित करता तो वह उससे भी अलग हो सकती थी। मृतिका ने कभी कोई शिकायत अपने लिव इन पार्टनर के खिलाफ पुलिस में नहीं की थी। ऐसे में न्यायालय में आरोपी के खिलाफ लगे आरोप टिक नहीं पाए। न्यायालय ने अपने निर्णय में टिप्पणी की कि कोई भी प्रत्यक्ष और परिस्थिति जन्य साक्ष्य आरोपी के खिलाफ प्रमाणित नहीं हो पाए, ऐसे में आरोपी को दोष मुक्त किया जाता है।

# हनुमान मंदिर की सुरक्षा को लेकर एकजुट श्रद्धालु

**मंदिर बना तब आपत्ति नहीं, अब तीन साल बाद शिक्षा समिति ने लगाया बोर्ड**






**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मूसाखेड़ी स्थित पंचशील कॉलोनी की गली नंबर-4 में बने सार्वजनिक हनुमान मंदिर परिसर की जमीन को लेकर लगाए गए बोर्ड के बाद रहवासियों और श्रद्धालुओं ने आपत्ति ली। रहवासियों का कहना था कि मंदिर भूमि पर किसी दूसरे का कब्जा नहीं हो सकता है। कल रहवासी और श्रद्धालु एकजुट हुए और नारेबाजी कर पूजापाठ की। सभी ने मंदिर नहीं हटने देने की सामूहिक शपथ भी ली। यह मंदिर तीन वर्ष पूर्व बना था, जिसमें रहवासियों ने श्रमदान और सहयोग किया था। अब यहां 20 मई को एक शैक्षणिक समिति का बोर्ड लग गया और जिन्होंने बोर्ड लगाया उन्होंने पहले मंदिर बनने पर कोई आपत्ति नहीं ली और वे लोग मौजूद भी रहे। बोर्ड लगने के बाद श्रद्धालुओं को शंका है कि अब यहां पर मंदिर हटाया जाएगा और जमीन पर कब्जा किया जाएगा। उसी से आक्रोषित लोग कल मंदिर परिसर में आए पूजा पाठ कर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान सकल हिन्दू समाज के रजत पंडित, अभिषेक अग्रवाल, दयाल सोनकर, अक्षय गेहलोत, जितेंद्र जालोरिया, संजय सिलावट सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी, मातृशक्ति, युवा वर्ग तथा बलाई समाज के समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सार्वजनिक हनुमान मंदिर की रक्षा, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और विवाद का निष्पक्ष समाधान करने की मांग उठाई।

# शिक्षकों व कर्मचारियों के स्थानांतरण आवेदन की प्रक्रिया जारी

## ई-एचआरएमएस पोर्टल पर चल रही प्रक्रिया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राज्य शासन की स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने स्थानांतरण आवेदनों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदन जारी है जो 8 जून तक ई-एचआरएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक स्थानांतरण के लिए अधिकतम 15 कार्यालयों/संस्थाओं का चयन कर सकेंगे। आवेदन में दर्शाए गए कारणों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ स्वरूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिनका आकार अधिकतम 2 एमबी निर्धारित किया गया है। एक बार आवेदन सबमिट होने के बाद उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। वहीं प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक स्थानांतरण परिवीक्षा अवधि के दौरान नहीं किए जाएंगे। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 5 जून 2026 तक ई-एचआरएमएस पोर्टल पर सभी रिक्त पदों की सही जानकारी दर्ज एवं सत्यापित करें। रिक्तियों की एंट्री और सत्यापन की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख, डीडीओ एवं ऑफिस एडमिन की होगी।

# दुकान और स्थापनाओं में अग्नि सुरक्षा जरूरी

## आपातकालीन निकास, विद्युत सुरक्षा जरूरी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश इंदौर के संचालक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दुकान एवं स्थापनाओं में अग्नि सुरक्षा हेतु प्रारूप नियम प्रस्तावित किये है। इसके तहत किसी भी भवन को अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखना अनिवार्य है। समस्त नागरिकों को भी किसी भवन एवं स्थापन में प्रवेश करने के पूर्व ही उस भवन एवं स्थापन को अग्नि दुर्घटना से सुरक्षित है या नहीं यह जानकारी होना आवश्यक है। संचालक के अनुसार दुकान एवं स्थापनाओं में सामान्य अग्नि सुरक्षा आवश्यकताएं, आपातकालीन निकास और निकासी, विद्युत सुरक्षा, ज्वलनशील एवं परिसंकटमय पदार्थो का भण्डारण, प्रशिक्षण एवं उत्तरदायित्व अभिलेखों का रखरखाव एवं निरीक्षण तथा उच्च जोखिम वाले स्थापनाओं के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। साथ ही भवन की फायर ऑडिट रिपोर्ट ऑनलाईन सार्वजनिक डोमेन में पोर्टल पर उपलब्ध होने की भी व्यवस्था की गई है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ एक मात्र टेस्ट कल से

## भारत का नंबर तीन बल्लेबाज पक्का नहीं, दो खिलाड़ियों पर भरोसा

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ एक मात्र टेस्ट मैच में खेलना है लेकिन उसके लिए सबसे बड़ी परेशानी नंबर 3 का बल्लेबाज है। जब से चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर किया गया और फिर उन्होंने संन्यास लिया। भारत के पास टेस्ट टीम में नंबर 3 बल्लेबाज नहीं है जो इस स्थान को अपना बना सके। सहायक कोच रयान टेन डोएशेट चाहते हैं कि जो भी बल्लेबाज नंबर 3 की भूमिका निभाए, उसमें स्थिरता हो, चाहे वह साई सुदर्शन हों या देवदत्त पडिक्कल।

इन दोनों के अलावा भारत ने मौजूदा कप्तान शुभमन गिल, करुण नायर और वाशिंगटन सुंदर को भी नंबर 3 पर आजमाया है। इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ। टेन डोएशेट ने संकेत दिया कि जो भी बल्लेबाज इस भूमिका में आएगा, उसे लंबा मौका दिया जाएगा। मैच से पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर काफी बदलाव हुए हैं और यह आदर्श स्थिति नहीं है। आपको इस भूमिका के लिए मौजूदा खिलाड़ियों को देखना चाहिए और शायद किसी एक के साथ टिकना चाहिए,'

टेन डोएशेट ने माना कि दोनों बल्लेबाज फॉर्म में हैं। घरेलू क्रिकेट हो या हाल ही में खत्म हुई इंडियन प्रीमियर लीग साई और देवदत्त ने अच्छा फॉर्म दिखाया है । उन्होंने कहा कि नंबर 3 की भूमिका मुश्किल है, खासकर जब टेस्ट मैचों के बीच लंबा अंतर हो। भारत का आखिरी टेस्ट दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के बाद भारत अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा।

टेन डोएशेट ने कहा, यह बल्लेबाजी के लिए मुश्किल और बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। देव घरेलू क्रिकेट में सभी फॉर्मेट्स में ढेरों रन बनाकर आ रहे हैं। साई ने गुजरात के लिए आईपीएल में खूब रन बनाए हैं, तो दोनों अच्छी फॉर्म में हैं। जो भी खेलेगा, उसे थोड़ा मौका दिया जाएगा। यह अभी मुश्किल है क्योंकि एक टेस्ट मैच है, फिर दो महीने तक कोई टेस्ट नहीं है। इसके बाद दो टेस्ट मैच हैं, और फिर काफी समय तक कोई मैच नहीं है। तो हमें इसे ध्यान में रखना होगा।

नंबर 3 के लिए फैसला लेने की जरूरत पर जोर

लंबा मौका देने की जरूरत के बावजूद, टेन डोएशेट ने यह भी माना कि नंबर 3 की भूमिका के लिए बल्लेबाज को चुनने और उसका समर्थन करने का फैसला जल्दी लेना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि हम बात यह है कि हम फैसला लेना चाहते हैं और फिर उस खिलाड़ी पर भरोसा करना चाहते हैं कि वह इस भूमिका में जल्दी ढल जाए। डब्ल्यूटीसी टेबल में हमारी स्थिति को देखते हुए, शायद हम इससे पहले किसी को इस स्थान पर समर्थन दे सकते थे ।

सुदर्शन बनाम पडिक्कल टेस्ट आंकड़े

सुदर्शन ने अब तक छह टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 302 रन बनाए हैं और उनका औसत 27.45 है. उन्होंने टेस्ट में दो अर्धशतक लगाए हैं. उनका फर्स्ट क्लास औसत भी 40 से नीचे है. पडिक्कल ने 2024 में दो टेस्ट खेले हैं, जिसमें तीन पारियों में 90 रन बनाए हैं और इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू पर अर्धशतक लगाया था. उनका फर्स्ट क्लास औसत 42.67 है.

# अंकुश सिंह चमके, चंबल घड़ियाल्स ने मालवा स्टैलियंस को आसानी से हराया

**इंदौर।** इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए मध्य प्रदेश लीग टी20 सिंधिया कप 2026 में, चंबल घड़ियाल्स ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए मालवा स्टैलियंस को छह विकेट से हरा दिया।

टॉस जीतने के बाद, चंबल घड़ियाल्स ने पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला किया और तुरंत ही अपना असर दिखाया। आवेश खान ने अपनी शानदार शुरुआती गेंदबाज़ी से मैच का माहौल बना दिया; उन्होंने अक्षय सिंह के साथ मिलकर शुरुआती झटके दिए, जिससे आशुतोष शर्मा की कप्तानी वाली मालवा स्टैलियंस की टीम महज़ 4.1 ओवर में 23/3 के स्कोर पर सिमट गई। दूसरी तरफ़ लगातार विकेट गिर रहे थे, लेकिन ऋषभ सिंह चौहान डटे रहे और 41 गेंदों में 57 रनों की शानदार, नाबाद पारी खेलकर टीम की पारी को संभाला। उन्हें प्रशांत कसदे का भी अहम साथ मिला, जिन्होंने निचले क्रम में आकर महज़ 19 गेंदों में 29 रनों की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली। इन दोनों के प्रयासों से स्टैलियंस की टीम मुश्किल शुरुआत से उबर पाई और 20 ओवर में 154/7 का स्कोर खड़ा कर पाई। जवाब में सलामी बल्लेबाज़ अंकुश सिंह और रोहित कुमार गुप्ता ने तीसरे विकेट के लिए 73 रनों की शानदार साझेदारी कर मैच का रुख ही बदल दिया।

## महिलाओं में भी चंबल घड़ियाल्स जीती

**इंदौर ।** आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 की महिला प्रतियोगिता का रोमांचक आगाज़ गुरुवार को डेली कॉलेज इंदौर में हुआ, जहां चंबल घड़ियाल्स ने ग्वालियर शेरनीज को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। कनिष्का ठाकुर के शानदार अर्धशतक ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। घड़ियाल्स ने 112 रनों का लक्ष्य चार ओवर से अधिक शेष रहते हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच कनिष्का चुनी गई। वहीं महिला प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स ने भोपाल वुल्व्स को 8 विकेट से हराकर दमदार जीत दर्ज की। भोपाल वुल्व्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 117 रन बनाए । जवाब में बुंदेलखंड बुल्स को यशस्विनी बोहरे और कप्तान अनुष्का शर्मा ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले छह ओवर में 61 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। यशस्विनी बोहरे ने 43 गेंदों पर 48 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। हालांकि इसके बाद कोई बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं आया और सुहानी शर्मा तथा अनन्या दुबे ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाते हुए बुंदेलखंड बुल्स की जीत सुनिश्चित कर दी।

## भोपाल लेपर्ड्स ने वेंकटेश अय्यर की इंदौर पिंक पैंथर्स को हराया



**इंदौर।** भोपाल लेपर्ड्स ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में वेंकटेश अय्यर की कप्तानी वाली इंदौर पिंक पैंथर्स को 27 रनों से हराकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टॉस जीतने के बाद, लेपर्ड्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। । हिमांशु शिंदे ने 29 गेंदों में 44 रनों की जुझारू पारी खेलकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरने से लेपर्ड्स अपनी रन गति नहीं बढ़ा पाए। नतीजतन, भोपाल की टीम अंततः 174 रनों पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में पैंथर्स की ओर से रोशन केवट सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने अपने चार ओवरों के स्पेल में 26 रन देकर 3 विकेट चटकाए। जवाब में, लेपर्ड्स के गेंदबाजों ने अपना जलवा दिखाया। उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए और पैंथर्स को कभी भी जमने का मौका नहीं दिया, जिससे पैंथर्स की टीम सिर्फ 8.1 ओवरों में ही 62/6 के स्कोर पर सिमट गई। सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब कप्तान वेंकटेश अय्यर आउट हुए, जिससे लक्ष्य का पीछा करते हुए पैंथर्स की टीम शुरुआत में ही गहरे संकट में फंस गई। इंदौर को सारांश सुराना और शुभम राठौर के रूप में कुछ संघर्ष करने वाले बल्लेबाज मिले, जिन्होंने सातवें विकेट के लिए 74 रनों की जुझारू साझेदारी की।

**पवन निरवानी ने साझेदारी को तोड़ा-** सारांश 34 गेंदों में शानदार 43 रन बनाकर आउट हुए और डीप में खड़े फील्डर के हाथों लपके गए। इसके बाद पैंथर्स ने जल्दी-जल्दी दो विकेट गंवा दिए, जिसमें शुभम राठौर का अहम विकेट भी शामिल था, जिन्होंने 29 गेंदों में 38 रनों का योगदान दिया था। पवन निरवानी ने चार ओवरों में 4/21 का बॉलिंग प्रदर्शन किया, जिसके चलते इंदौर पिंक पैंथर्स आखिरकार 147 रनों पर ऑल आउट हो गए।

## लकी वांडर्स इंदौर फिर से बना विजेता

**इंदौर ।** राज क्लब झलारिया (बड़नगर) जिला उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में संस्था लकी वांडरर्स का प्रदर्शन बहुत सराहनीय रहा । क्वार्टर फाइनल में झलारिया एवं सेमीफाइनल में भिंड से विजय प्राप्त हुई तथा फाइनल मुकाबला आईसीसी भोपाल से हुआ जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में दो अंकों से लकी वांडर्स इंदौर ने विजय प्राप्त की । लकी वांडर्स के गणेश रघुवंशी, हिमांशु चौधरी, मिहिर गुर्जर का खेल बहुत सराहनी रहा । संस्था के विजय होने पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह यादव, विधायक गोलू शुक्ला, दीपेंद्र सिंह सोलंकी, भगवान बाईवाल, शंकर रघुवंशी, संतोष मीणा, प्रेमसागर साहनी, चेनसिंह राजपूत, रिंकु बसवाल द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई ।

# मेरा पूरा ध्यान लाल गेंद से क्रिकेट खेलने पर है: कुलदीप



**न्यू चंडीगढ़।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि उनका पूरा ध्यान लाल गेंद के क्रिकेट पर है, जहां उनका लक्ष्य एक आक्रामक स्पिनर के रूप में नियमित विकेट लेना है। उनकी ये टिप्पणी अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले आई है, जहां दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाड़ी से टीम इंडिया के स्पिन आक्रमण का नेतृत्व करने की उम्मीद है।

कुलदीप यादव , जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन में डीसी के लिए खेला था, ने आगामी टेस्ट सीरीज, विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू सीरीज के महत्व पर प्रकाश डाला, जो अगले साल जनवरी-मार्च में होगी, और कहा कि यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र में भारत के अभियान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जहां भारत वर्तमान में छठे स्थान पर है।

कुलदीप ने कहा, एक आक्रामक स्पिनर के तौर पर, मैं टीम के लिए नियमित रूप से विकेट लेना चाहता हूं, और यही मेरी एकमात्र सोच है। मेरा पूरा ध्यान लाल गेंद से क्रिकेट खेलने पर है। कई महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज आने वाली हैं, खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली पांच मैचों की सीरीज। यह सीरीज इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में हमारे प्रदर्शन को तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।

कुलदीप ने टेस्ट क्रिकेट में सही मानसिकता रखने और अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत स्पिन आक्रमण किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख बदल सकता है और एक सफल टेस्ट टीम के लिए यह एक महत्वपूर्ण कारक है, क्योंकि कुशल स्पिनर हर परिस्थिति में विकेट ले सकते हैं। उन्होंने कहा, सही मानसिकता रखना और मुझे सौंपी गई भूमिका को अपनी पूरी क्षमता से निभाना महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि अगर आपकी टीम में बेहतरीन स्पिन आक्रमण है, तो आप किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख बदल सकते हैं। यह एक सफल टेस्ट टीम का अहम हिस्सा है, क्योंकि अगर आपके पास बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं, तो आप किसी भी परिस्थिति में विकेट ले सकते हैं।

## जिला स्तरीय महिला, पुरुष कबड्डी स्पर्धा आज से

**इंदौर।** लकी वाण्डर्स स्पोर्ट्स केयर की मेजबानी में जिला स्तरीय महिला, पुरुष सीनियर कबड्डी स्पर्धा 5 से 9 जून तक चिमनबाग मैदान पर दूधिया रोशनी में आयोजित की जा रही है ।

संस्था के अध्यक्ष दीपक रावल और सचिव मुकेश पंचोलिया ने बताया कि स्पर्धा में इंदौर जिले की समस्त टीमों को आमंत्रित किया गया है। स्पर्धा मुकाबले दुधिया रोशनी में मेट पर खेले जाएंगे। दर्शकों के बैठने हेतु अस्थाई गैलरी का निर्माण किया गया है। विजेता उप विजेता टीमों को नगद इनामी राशि एवं आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक मैच और स्पर्धा के श्रेष्ठ कैचर, रेडर एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी आकर्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा । सभी मैच शाम 4 से 11 बजे तक खेले जाएंगे । स्पर्धा मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के नियमों के तहत आयोजित होगी। स्पर्धा का शुभारम्भ आज शाम 5 बजे श्रेष्ठा गोयल अध्यक्ष एआईएमपी सिद्धि महिला विंग, अलका सोनकर सेन्ट्रल जेल अधीक्षक इंदौर एवं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी उषा यादव, अलका शर्मा, दीप्ती पटेल, रेखा बोरासी, पिंकी अजनार, पूजा थोरात, चन्दा सोनी, दीपिका शुक्ला, उर्मिला बिष्ट की उपस्थिति में होगा।

## विश्व साइकिल दिवस पर 7 जून को साइकिल रैली

**इंदौर।** 1 से 15 जून तक साइकिल पखवाडा मनाया जा रहा है । क्रीड़ा भारती द्वारा इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में विश्व साइकिल दिवस 7 जून को एक साथ साइकिल चलाने का आयोजन रखा है । इंदौर महानगर की इकाई द्वारा सुबह 6.30 बजे से साइकिल रेली का आयोजन किया है जो राजबाड़ा से प्रारंभ होकर राजबाड़ा पर ही सम्पूर्ण होगी । सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिए जायंगे मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला विधायक इंदौर-2 इस साइकिल रेली का नेतृत्व करेंगे । क्रीडा भारती मालवा प्रान्त के अध्यक्ष अर्जुन अवार्डी पहलवान कृपाशंकर पटेल एवं प्रान्त प्रचार प्रमुख रंजन पंवार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व सायकल दिवस 7 जून के अवसर पर फिट इंडिया की संकल्पना को बूस्ट करते हुए हम सब सायकल चलाए एवं स्वस्थ रहें, ऐसा आव्हान किया है। क्रीड़ा भारती सभी नागरिकों को आव्हान करती है कि नीचे दिए गए लिंक पर रजिस्ट्रेशन करे और अपनी अपनी सायकल लेकर रविवार 7 जून को स्वस्थ भारत का संकल्प लिए क्रीड़ा भारती के साथ फिटनेस के मार्ग पर चल पड़े।

## मप्र के किक बॉक्सरों को पदकीय सफलता



**इंदौर ।** एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उड़ीसा द्वारा के टी ग्लोबल स्कूल में जूनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें में मध्य प्रदेश किकबॉक्सिंग टीम के 20 सदस्य टीम ने भाग लिया, एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड,1 सिल्वर एवं 7 कांस्य पदक प्राप्त कर पदक तालिका के सुपर टैन में अपनी जगह बनाई। सफलता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम,मेडल एवं वजन वर्ग इस प्रकार से है । भाविका जैन लो किक -70 किग्रा , वैभवी पाटीदार के1 -40 किग्रा,प्रतिज्ञा राठौड़ के1 -44 किग्रा,नंदिनी राठौड़ लो किक -40 किग्रा,दिव्यांश चौरसिया - के1 -45 किग्रा, ध्रुवप्रताप सिंह के1 ‡81 किग्रा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। ओशी चक्रवर्ती ने सिल्वर मेडल लो किक -70 किग्रा, में प्राप्त किया।

यामिनी वेद प्वाइंट फाइट -40 किग्रा,आरुष कुशवाह लो किक -50 किग्रा,खुशबू परमार लो किक -46 किग्रा,विजय योगी लो किक -42 किग्रा,शिवानी चौधरी लो किक -44 किग्रा,अथर्व कौरव किक लाइट -61 किग्रा,ऋषित गुप्ता के1 -54 किग्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रकार मध्य प्रदेश किकबॉक्सिंग टीम ने कुल 14 मेडल प्राप्त किए।मध्य प्रदेश टीम को वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल एवं एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों व मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों जिसने इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश किकबॉक्सिंग टीम का प्रतिनिधित्व किया उन जिलों के अध्यक्ष एवं सचिव ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।






# शोरूम में लगी आग का धुआं रहवासियों तक पहुंचा तो मची अफरा-तफरी

## बेसमेंट से उठती लपटों के बीच फंसे 6 लोगों को फायर ब्रिगेड ने सुरक्षित निकाला, 2 घंटे में पाया काबू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्कीम नंबर 136 में स्थित एक बहुमंजिला भवन के तलघर में इलेक्ट्रॉनिक वाहन के शोरूम में अचानक आग लगने से बहुमंजिला इमारत में रहनेवाले रहवासियों के बीच हड़कंप मच गया। बेसमेंट से धुआं और लपटें उठती देख इमारत में मौजूद लोग जान बचाकर बाहर की तरफ भागे। हालांकि, इस दौरान छह लोग अंदर ही फंस गए, जिन्हें मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह करीब साढ़े 7 बजे स्कीम नंबर 136 स्थित बहुमंजिला इमारत के तलघर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी तत्परता से वाहनों के साथ मौके पर पहुँचे। तलघर में ज्वलनशील सामान होने के कारण आग तेजी से फैली। दमकल टीम ने मोर्चा संभालते हुए करीब 14 हजार लीटर पानी का उपयोग किया और दो घंटे में लपटों को शांत किया।आग लगते ही इमारत में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। अधिकांश लोग समय रहते बाहर आ गए थे, लेकिन धुएं के गुबार के कारण छह लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए थे। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बिना वक्त गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी छह लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। समय पर मिली सूचना और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी जनहानि होने से टल गई।

# युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या

## अहीरखेड़ी के 4 बदमाशों पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के विदुर नगर में 60 फीट रोड पर स्थित एक कैफे के पास चाय पीने गए 23 वर्षीय युवक को पुराने विवाद के चलते चार बदमाशों ने घेर लिया। आरोपियों ने सरेराह युवक पर चाकू और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के अनुसार, वारदात द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के विदुर नगर में 60 फीट रोड स्थित कैफे के पास हुई। मृतक की पहचान क्रिश पिता महेंद्र श्रीवास्तव (23 )निवासी हवा बंगला, के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि क्रिश देर रात क्षेत्र में स्थित कैफे के पास चाय पीने के लिए गया था। वह वहां खड़ा ही था कि तभी अहीरखेड़ी इलाके के रहने वाले घात लगाए बैठे बदमाश वहां पहुंच गए और उन्होंने क्रिश को चारों तरफ से घेर लिया। इससे पहले कि क्रिश कुछ समझ पाता या वहां से भागने का प्रयास करता, आरोपियों ने अपने पास रखे हथियारों से उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने क्रिश पर डंडों से वार किए और फिर चाकू से उसके शरीर पर कई गंभीर घाव कर दिए। हमले के दौरान लहूलुहान होकर क्रिश सड़क पर गिर पड़ा और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सरेराह हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही द्वारकापुरी थाना पुलिस का बल तत्काल मौके पर पहुंचा।पुलिस की प्रारंभिक जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई है कि मृतक क्रिश श्रीवास्तव और आरोपियों के बीच पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से इस हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी अंकित पिता मुकेश पाल, उसके भाई अनिकेत पाल, गौरव काला और शिवा पाल सभी निवासी अहीरखेड़ी के खिलाफ हत्या की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।आरोपियो की तलाश की जा रही है।पुलिस आरोपियो के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।



### 24 घंटे में दूसरी हत्या!

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में 24 घंटे में दूसरी हत्या की वारदात है।सूर्यदेव नगर में रहने वाले हरीश पिता नंदू कदम निवासी द्वारकापुरी का कल रात परिवार के सदस्यों से घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें चाकू लगने से उसकी मौत हो गई। पत्नी शीतल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में देवर पवन और सास पुष्पा बाई पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने कार को मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**कनाडिया थाना क्षेत्र में सहारा सिटी के सामने एक अज्ञात ट्रक चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।**

पुलिस के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा कनाडिया थाना इलाके के अंतर्गत आने वाले बाईपास रोड पर सहारा सिटी के ठीक सामने हुआ। मृतक की पहचान रमेश (38) के रूप में हुई है। रमेश अपनी कार से बाईपास मार्ग से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक भारी भरकम अज्ञात ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार रमेश को सिर, दाहिने हाथ, दाहिने पैर सहित पूरे शरीर में जगह-जगह गंभीर और प्राणघातक चोटें आईं। अत्यधिक खून बह जाने और गंभीर चोटों के कारण रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास से गुजर रहे राहगिरों ने तुरंत इसकी सूचना कनाडिया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

# एडवांस के 5 हजार वापस मांगने पर मारपीट, ठेकेदार को मजदूरों ने पीटा

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम सोलसिंदा में मजदूरी के लिए दिए गए एडवांस रुपये वापस मांगने की बात पर दो भाइयों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार, ग्राम सोलसिंदा निवासी फरियादी संजू पिता प्रकाश चौहान ने गांव के ही विशाल चौहान को सरिया सैंटिंग की मजदूरी के लिए एडवांस के तौर पर 5000 रुपये दिए थे। रुपये लेने के बावजूद आरोपी विशाल काम पर नहीं गया। जब संजू ने काम पर न जाने के कारण विशाल से अपने एडवांस दिए हुए रुपये वापस मांगे, तो विशाल और उसका भाई सुरेश चौहान विवाद करने लगे।बात इतनी बढ़ी कि दोनों भाइयों ने आव देखा न ताव, संजू को गालियां देना शुरू कर दिया। जब संजू ने विरोध किया, तो आरोपी सुरेश और विशाल ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। जाते-जाते आरोपियों ने संजू को धमकी दी कि अगर दोबारा रुपये मांगे तो जान से खत्म कर देंगे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।